ज्ञानामृत

दीपक सोने का हो या मिट्टी का मूल्य दीपक का नहीं उसकी लौ का होता है जिसे कोई अँधेरा नहीं बुझा सकता।

▶▶ विष्णु प्रभाकर

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 122 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

# आईटीआईः देश में 26 लाख सीटें, मगर दाखिला 12-14 लाख पर ही

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश भर में स्थित आईटीआई के लिए विभिन्न ट्रेड में 26 लाख सीटें हैं, मगर दाखिले की बात करें तो वह 12-14 लाख तक सिमट जाता है। बाकी सीटें खाली रह जाती है। विगत 5 वर्षों (2021-2025) में, प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), द्वारा 814 आईटीआई की संबद्धता समाप्त कर दी गई। जनवरी 2025 में, देश भर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 4.49 लाख सीटों वाली 21069 इकाइयों, जो पिछले छह शैक्षणिक सत्रों (वर्ष 2018-19 से 2023-24) से रिक्त पड़ी थीं, की संबद्धता समाप्त कर दी गई। आईटीआई में, 168 राष्ट्रीय कौशल अर्हता कार्यढांचा (एनएसक्यूएफ) अनुकूल ट्रेडों में शिल्पकार प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रत्येक ट्रेड का एक विशिष्ट पाठ्यक्रम है। प्रशिक्षण की अवधि छह महीने से दो वर्ष तक होती है।

## 5 वर्षों में प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने खत्म की 814 आईटीआई की संबद्धता




### देश में हैं 11296 निजी आईटीआई

वर्तमान में देश में 14612 आईटीआई मौजूद हैं, जिनमें से 3316 राजकीय आईटीआई और 11296 निजी आईटीआई हैं। आईटीआई की स्थापना और दैनन्दिन का अभिशासन राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसकी संबद्धता के लिए मानदंड निर्धारित करने, प्रमाणन सहित परीक्षा आयोजित करने और पाठ्यक्रम तैयार जैसी नीतियां केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। जब कभी भी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से नए आईटीआई स्थापित करने का प्रस्ताव पास होता है, तो संबद्धता मानकों और मानदंडों के अनुसार इसकी जांच की जाती है, इस संबंध में निर्णय लिया जाता है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए, डीजीटी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र निदेशालय की सिफारिशों के आधार पर निर्धारित संबद्धता मानदंडों का अनुपालन करने में विफल रहने वाले आईटीआई की संबद्धता समाप्त कर दी जाती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि केवल बुनियादी ढांचे, संकाय अर्हता, पाठ्यचर्या कार्यान्वयन और प्रशिक्षण प्रदान करने से संबंधित अपेक्षित मानकों को बनाए रखने वाले आईटीआई ही काम करना जारी रखें। विगत पांच वर्षों (2021-2025) में, डीजीटी द्वारा 814 आईटीआई की संबद्धता समाप्त की गई है।

### प्रशिक्षु को अर्ध कुशल श्रमिक के तौर पर तैयार करना

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी के मुताबिक, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), देश के युवाओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) का कार्यान्वयन करता है। आईटीआई, लंबे समय से घरेलू उद्योग के लिए विभिन्न ट्रेडों में लगातार कुशल जनशक्ति उपलब्ध कराते रहे हैं। पाठ्यक्रमों को ट्रेडों में बुनियादी कौशल और ज्ञान प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है ताकि प्रशिक्षु को अर्ध कुशल श्रमिक के रूप में रोजगार के लिए तैयार किया जा सके।

## न्यूज़ इन शॉर्ट

### भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश के लिए आर गवई की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के लिए न्यायमूर्ति भूषण आर गवई के नाम की सिफारिश की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह सिफारिश विधि मंत्रालय को भेज दी है। प्रस्ताव वर्तमान मुख्य



न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से भेजा गया है। वे 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। परंपरा के अनुसार, वर्तमान सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के रूप में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की सिफारिश करते हैं। जस्टिस गवई वरिष्ठता के क्रम में सबसे आगे हैं, जिसके चलते उनके नाम की सिफारिश की गई है। गौरतलब है कि इससे पहले कानून मंत्रालय ने सीजेआई जस्टिस खन्ना से उनके उत्तराधिकारी का नाम देने की आधिकारिक अपील की थी। जस्टिस गवई के नाम पर अगर मुहर लगती है तो वे देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे।

### फैक्ट्री में चलते चलते अचानक गिरा मजदूर, हार्ट अटैक से मौत

**विजय मत, ब्यूरो इंदौर।** आए दिन हार्ट अटैक के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर का है। जहां फैक्ट्री में काम करने वाला एक मजदूर चलते-चलते अचानक गिर गया। उसको तत्काल



अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक जांच में हार्ट अटैक की बात सामने आई है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है। कैलाश लोधी नामक मजदूर यहां की एक कन्फेक्शनरी फैक्ट्री में काम करता था। बुधवार की दोपहर वह फैक्ट्री से निकल मेन गेट के बाहर गया फिर वह वापस आया और जैसे ही गेट के बगल में बने गार्ड रूम के दरवाजे पर पहुंचा, अचानक वहीं गिर गया।

### शेयर बाजारः सेंसेक्स 309 अंक चढ़ा निफ्टी 23450 के करीब

**मुंबई, एजेंसी।** बुधवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। खुदरा मुद्रास्फीति के छह साल के निचले स्तर पर पहुंचने से ब्याज दरों में और कटौती की उम्मीद बढ़ी



है, इसका बाजार के मूड पर सकारात्मक असर पड़ा। वैश्विक बाजार में कमजोर रुख को दरकिनार करते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 309.40 अंक या 0.40 प्रतिशत चढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 77,044.29 पर बंद हुआ। कमजोर शुरुआत के बाद, सत्र के दौरान सूचकांक कई बार हरे और लाल निशान के बीच झूलता दिखा। सेंसेक्स 566.46 अंकों की तेजी के साथ 77,110.23 के उच्चतम और 76,543.77 के निम्नतम स्तर तक पहुंचा।

### महिला वही जो जन्म से जैविक रूप से महिला होः ब्रिटिश कोर्ट

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि समानता कानून के अनुसार महिला का मतलब केवल वही व्यक्ति है जो जन्म से जैविक रूप से महिला हो। न्यायमूर्ति पैट्रिक हॉज ने बताया



कि पांचों जजों ने सर्वसम्मति से यह फैसला दिया है कि समानता कानून में महिला और लिंग शब्द का मतलब जैविक महिला से है। इस फैसले के अनुसार, कोई ट्रांसजेंडर व्यक्ति जिसे कानूनी रूप से महिला माना गया हो, उसे समानता कानून के तहत महिला नहीं माना जाएगा। यह मामला 2018 में स्कॉटिश संसद की तरफ से पास किए गए एक कानून से जुड़ा है, जिसमें कहा गया था कि स्कॉटलैंड के सार्वजनिक निकायों की बोर्ड में 50' महिलाएं होनी चाहिए। इस कानून में ट्रांसजेंडर महिलाओं को भी महिलाओं की परिभाषा में

## मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा सायबर फ्रॉड

# डिजिटल अरेस्ट कर 26 दिन में सचिव से ठगे ढाई करोड़ रुपए

**विजय मत, ब्यूरो ग्वालियर**




सायबर ठगों के लिए ग्वालियर सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। शहर में अक्सर ऑनलाइन ठगी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ज्यादातर मामले अब भी डिजिटल अरेस्ट के होते हैं। 26 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रहने के बाद पुलिस अधीक्षक के पास पहुचे ग्वालियर के रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी सुप्रदीप्तानंद ने भी ढाई करोड़ रुपये ठगे जाने की शिकायत की है। उनके साथ यह ठगी नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस में शामिल पाए जाने के नाम पर की गई।

ग्वालियर के रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी सुप्रदीप्तानंद ने पुलिस को बताया उन्हें 17 मार्च 2025 को दो अलग-अलग नंबर से कॉल किया गया। वीडियो कॉल में ठग नासिक पुलिस का अफ़सर बनकर बात कर रहा था। पीछे पुलिस का बोर्ड भी लगा हुआ था। आश्रम सचिव को ठगों ने नरेश गोयल मनी लांड्रिंग मामले में शामिल होना बताया। उन्हें डिजिटल अरेस्ट करने की बात कहते हुए उनके बैंक खाते सीज करने की धमकी दी गई। इस प्रकार 26 दिन में करीब ढाई करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए।

### कई खातों में ट्रांसफर कराई मोटी रकम

फरियादी स्वामी सुप्रदीप्तानंद के मुताबिक़ "ठगों द्वारा उन्हें बताया गया था कि उनके नाम से कैनरा बैंक में एक अकाउंट है, जिसके ज़रिए हवाला का 20 करोड़ का लेनदेन हुआ है। जिससे जुड़ी एक पीडीएफ भी उन्हें भेजी गई। सायबर ठगों ने उन्हें पूरी तरह डरा-धमकाकर झांसे में ले लिया। इसके बाद 26 दिन तक अलग अलग बैंक खातों में करीब 2 करोड़ 52 लाख रुपये जमा कराए गए। हालांकि उन्हें आश्वासन दिया गया था कि ये रकम उन्हें 15 अप्रैल तक रिटर्न कर दी जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ।

### पुलिस का कहना- डिजिटल अरेस्ट नहीं, ऑनलाइन फ्रॉड

बुधवार को स्वामी सुप्रदीप्तानंद एसपी कार्यालय पहुंचे और शिकायत की। ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस का मानना है कि इस केस को डिजिटल अरेस्ट नहीं माना जा सकता, क्योंकि उन्हें हाउस अरेस्ट नहीं किया गया। इस बीच वह जान-पहचान वाले अन्य लोग मिलते रहे। एडिशनल एसपी निरंजन शर्मा ने इस मामले में कहा ये ऑनलाइन फ्रॉड है। पुलिस जल्द ही कार्रवाई कर ठगों को दबोच लेगी।"

### रामकृष्ण मिशन आश्रम को बनाया निशाना

जानकारी के अनुसार, थाटीपुर स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी सुप्रदिप्तानंद को 26 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर ढाई करोड़ रुपए की ठगी की। ठगों ने 17 मार्च को नासिक पुलिस का अफसर बनकर पहला फोन किया था। इसके बाद स्वामी जी से अलग-अलग बैंक खातों में रुपए ट्रांसफर करवाए गए। आरोपी लगातार मानसिक दबाव बनाते रहे और खुद को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बताकर धमकाते रहे। 26 दिन बाद जब उन्हें ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इस मामले में ग्वालियर पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की है। एएसपी निरंजन शर्मा ने बताया कि, साइबर ठगों ने व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर खुद को नासिक पुलिस बता कर रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी सुप्रदिप्तानंद को 26 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। इस दौरान उन्होंने फर्जी पुलिस की आईडी भी भेजी। जिससे सचिव स्वामी को यकीन हो जाए और फिर मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसा कर आधार और अकाउंट नंबर मांगा। फिर बैंक अकाउंट की डिटेल के आधार पर एक फर्जी डिटेल बनाकर उन्हें भेजा। इसके बाद उनसे 2.50 करोड़ की ठगी की।

## बहनों के खातों में सीएम ने भेजे 1552.38 करोड़ रुपए

# वंचित बहनों के लिए जल्द शुरू होगी लाडली बहना योजना 3.0: मोहन



**विजय मत, ब्यूरो मंडला**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और सिलेंडल रिफिलिंग योजना की राशि हितग्राहियों के खाते में अंतरित की। इस दौरान सीएम डॉ. यादव विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। साथ ही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह-निकाह कार्यक्रम में शामिल हुए। मंडला जिले से प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाडली बहनाओं के खाते में 1552.38 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ रूपए की राशि अंतरित किया। मुख्यमंत्री 25 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 57 करोड़ की राशि भी उनके खातों में सिंगल क्लिक से भेजी।

मंडला जिले के टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ आयोजन में पहुंचे मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया यहां 1100 जोड़ो का विवाह संपन्न कर उनके नए जीवन की शुरुआत की गई।

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा 28 जनवरी, 2023 को शुरू की गई लाडली बहना योजना के लाभ से अगर कोई महिला वंचित रह गई है तो उनके लिए सरकार ने नई पहल की है। किसी कारणवश इस योजना में आवेदन करने से असमर्थ रह गई महिलाओं के लिए सरकार लाडली बहन योजना 3.0 शुरू करने जा रही है। इस योजना के तीसरे चरण में वो सारी महिलाएं शामिल हो सकती हैं जो पहले और दूसरे चरण में चूक गई थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम से पहले सीएम मोहन यादव ने कहा कि नारी सशक्तीकरण का पर्याय बनी लाड़ली बहना योजना की 23वीं किस्त ग्राम टिकरवारा, जिला मण्डला से बहनों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को शुभकामनाएं।

## महाकाल : नियुक्ति से पहले होगा पुलिस वेरिफिकेशन

**विजय मत, ब्यूरो उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थापित महाकालेश्वर मंदिर देश ही नहीं विदेशों में भी फेमस है। महाकाल मंदिर में हर दिन बड़ी हस्तियों से लेकर आम श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। वहीं महाकाल मंदिर के



दर्शन और प्रसाद को लेकर भी नए-नए नियम आते रहते हैं। इसी तरह खबर है कि ठगी से बचने के लिए महाकालेश्वर मंदिर में अब कोई भी नई नियुक्ति बिना पुलिस वेरिफिकेशन के नहीं हो सकेगी। एसपी प्रदीप शर्मा ने इस संबंध में महाकाल मंदिर के प्रशासक को एक आधिकारिक पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति की नियुक्ति से पहले उसका पुलिस रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से जांचा जाएगा। यह कदम हाल ही में सामने आए ठगी और अवैध वसूली के मामलों के बाद उठाया गया है।

## नेशनल हेराल्ड केस में सियासतः भाजपा-कांग्रेस पर आरोप प्रत्यारोप

### सभी याद रखें सोनिया-राहुल जमानत पर बाहर : रविशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल हेराल्ड मनी लॉड्रिंग मामले में भाजपा ने बुधवार को कांग्रेस पर हमला बोला। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सभी को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को विरोध करने का अधिकार है। लेकिन उसे सरकारी संपत्तियों का दुरुपयोग करने और इसे नेशनल हेराल्ड को देने का अधिकार नहीं है। इस पूरी संपत्ति को परिवार के हाथों में पहुंचाने के लिए बहुत ही दिलचस्प तरीके से साजिश रची गई।ये संपत्तियां दिल्ली में बहादुर शाह जफर मार्ग पर एक संपत्ति, मुंबई, लखनऊ, भोपाल और पटना में संपत्तियां हैं। उन्होंने कहा कि यंग इंडिया लिमिटेड को एक धर्मार्थ संगठन माना जाता था, लेकिन अब तक यह पता नहीं चला है कि इसने क्या दान किया?





### जो गलत नहीं, उसे गलत साबित किया जा रहा है : खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल हेराल्ड मामले में कुछ कांग्रेस नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोप पत्र दाखिल करने के बाद देशभर की सियासत में गर्माहट है। आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी सातवें आसमान पर पहुंच चुकी है। इसी बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि यह मामला बेबुनियाद है और केवल राजनीतिक बदले की भावना से उठाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ भी नहीं है। भाजपा कानून का दुरुपयोग कर रही जो गलत है। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इस केस में कुछ भी गलत नहीं है। अखबार कुछ समय के लिए वित्तीय कारणों से बंद हो गया था। सोनिया गांधी ने उसे ऋण और दान के जरिए दोबारा शुरू करने की कोशिश की।

## वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम फैसला आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि जो संपत्तियां वक्फ घोषित हो चुकी हैं, चाहे वह परंपरा से वक्फ हो या बाकायदा दस्तावेज से घोषित वक्फ हो, उन्हें वापस सामान्य संपत्ति घोषित नहीं किया जाएगा।



हालांकि केंद्र सरकार ने इस पर आपत्ति जताई और अदालत से आग्रह किया कि इस पर कोई आदेश देने से पहले उसे सुना जाए। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 17 अप्रैल दोपहर 2 बजे अगली सुनवाई तय की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वक्फ संशोधन अधिनियम का हवाला दिया और कहा कि वह उस प्रावधान को चुनौती दे रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि केवल मुसलमान ही वक्फ बना सकते हैं। सिब्बल ने पूछा, राज्य कैसे तय कर सकता है कि मैं मुसलमान हूं या नहीं और इसलिए वक्फ बनाने के योग्य हूं या नहीं?

# चीन के 125% टैरिफ के जवाब में ट्रंप ने लगाया 245% टैरिफ

**वाशिंगटन, एजेंसी**

व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक दस्तावेज में कहा गया है कि चीन को अब अमेरिका पर अपनी जवाबी कार्रवाइयों के कारण 245 प्रतिशत तक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यह जानकारी तब सामने आई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आयातित खनिजों और उससे बने उत्पादों पर अमेरिकी निर्भरता के कारण पैदा हुई जोखिमों की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। दस्तावेज में ट्रम्प के उस दावे का हवाला दिया गया है कि विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता और उनके खराब उत्पाद अमेरिकी रक्षा क्षमताओं, बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी नवाचार को खतरे में डाल



सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि ट्रम्प ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है और उन देशों पर पारस्परिक रूप से उच्च टैरिफ लगाए हैं जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा सबसे अधिक है। व्हाइट हाउस ने कहा कि 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए संपर्क कर चुके हैं। इसे देखते हुए चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगने वाला जवाबी टैरिफ फिलहाल टाल दिया गया है।

# कुत्ते से हुई हैवानियतः बिस्किट दिखाकर पकड़ा चारपाई से बांधकर पीटा, प्लास से तोड़े दांत



**विजय मत, ब्यूरो भिंड**

मध्य प्रदेश के भिंड जिले के रावतपुरा खुर्द गांव में एक स्ट्रीट डॉग के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। कुत्ते को चारपाई से बांधकर बुरी तरह लाठी से पीटा गया और फिर प्लास से उसके दांत भी तोड़ दिए गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बुधवार को कुत्ते से मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है, उसके आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

दबोह थाना प्रभारी राजेश शर्मा के अनुसार, भिंड जिले के मुरावली के पास स्थित रावतपुरा खुर्द गांव में कुछ लोगों ने एक स्ट्रीट डॉग को बिस्किट का लालच देकर पकड़ लिया और फिर रस्सी से बांध दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे चारपाई से बांधकर लाठी और सरियों से बुरी तरह पीटा। प्लास से उसके दांत तक तोड़ दिए गए। इस दौरान आरोपियों ने वीडियो भी बनाया। कुत्ते के साथ हैवानियत करने के बाद कुत्ते को छोड़ दिया।

# आदिवासी महिला से प्रेम विवाह करने वाले उपसरपंच पर 10 गांवों की पंचायत ने ठोंका 1.30 लाख का जुर्माना

**विजय मत, ब्यूरो छिंदवाड़ा**

जिले में अपनी पसंद से शादी करना उपसरपंच को महंगा पड़ गया। दस गावों की पंचायत ने उस पर सवा लाख का जुर्माना लगा दिया है। जानकारी के मुताबिक हर्रई ब्लॉक के सालढाना गांव के उपसरपंच उरदलाल यादव ने एक आदिवासी युवती पंचवती उईके से कोर्ट मैरिज कर ली, और बस... इलाके के ठेकेदारों को यह रास नहीं आया। नतीजा? दस गांवों के सरपंचों ने मिलकर पंचायत बिठाई और फरमान जारी कर दिया - 1.30 लाख का हर्जाना दो, नहीं तो समाज से बाहर!

मिली जानकारी के अनुसार सितंबर 2024 में सालढाना समेत 10 गांवों के सरपंच एकजुट हुए। उनकी अदालत बैठी और गुनाह तय हुआ - एक गैर-आदिवासी का आदिवासी महिला से विवाह। सजा भी तुरंत सुना दी गई - मोटा जुर्माना और सामाजिक बहिष्कार का खौफ। शादी को सालभर हो गया, लेकिन पंचायत का इंसाफ अभी बाकी है। एक साल बीतने के बाद भी जब उपसरपंच ने जर्माना राशि अदा नहीं की तो पंचायत की तरफ से ही बिरजू पिता जहरलाल जनसुनवाई में पहुंच गए और प्रशासन से गुहार लगाई - हुजूर, हमारा जुर्माना वसूल करवाओ! जनसुनवाई में अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को समझा है और जांच के आदेश दे दिए हैं। सूत्रों की मानें तो अगर पंचायत का यह आदेश गैरकानूनी निकला, तो सरपंचों पर गाज गिरना तय है।



### किसने क्या कहा

सालढ़ाना पंचायत के सरपंच पति सुरेंद्र ने बताया कि दस गांव की पंचायत ने सर्वसम्मति से ये फैसला सुनाया था, जिसकी जुर्माना राशि अभी तक नहीं मिल सकी है। उपसरपंच उरदलाल पिता हंसराज ने बताया कि मैंने आदिवासी महिला से विवाह किया था। दोनों की मर्जी थी। मैं जुर्माने की राशि देने की स्थिति में नहीं हूं।

कार्यालयः भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी ■ कटनी ■ सागर ■ मुलताई ■ मुरैना ■ टीकमगढ़ ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ भिलाई

## न्यूज इन शॉर्ट



### बेलगाम बोरिंग सपोर्टर वाहन ने वृद्ध को मारी टक्कर

उमरिया। मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिगुड़ी मोड़ के सद्गुरु राइस मिल पास विश्वनाथ पिता दुन्ना बैगा ;उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी सिगुड़ी, रोजमर्रा के कार्य से साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान बेकाबू होकर आई बोरिंग सपोर्टर वाहन ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद घायल वृद्ध को तत्काल मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गयाए जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उमरिया जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गयाए लेकिन मानपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बोरिंग सपोर्टर वाहन को जब्त कर सुरक्षित खड़ा करवा दिया है। वाहन में उस समय कुछ लेबर भी सवार थेए जिन्हें पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। पुलिस द्वारा वाहन और घटना से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है, वहीं वृद्ध के परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है।

### महुआ बीन रहे बालक को जबडे में फंसाकर ले भागा बाघ

उमरिया। जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे पिपरिया गांव के समीपी जंगल में महुआ बीन रहे 14 वर्षीय बालक को बाघ अपने जबडे मे फंसाकर ले गया । घटना की जानकारी के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे वहीं टाइगर रिजर्व प्रबंधन का जमीनी अमला भी घटनास्थल पंहुचा तत्पश्चात कड़ी मशक्कत के बाद बालक का शव नाले में मिला हैएपरिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। जानकारी अनुसार जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे पिपरिया गांव के समीपी जंगल से बड़ी घटना सामने आई है। शनिवार की सुबह गांव से लगे जंगल में महुआ बीनने गए 14 वर्षीय बालक को झाड़ियों में छिपे बाघ ने हमला कर जबड़े में दबोचकर जंगल की ओर ले गया, सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक विजय कोल पिता अर्जुन अपने साथी के साथ शनिवार की सुबह गांव से लगे जंगल की ओर महुआ बीनने गया थाएजहां झाड़ियों में छिपे बाघ ने उस पर हमला कर दिया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के समीपी गांव में बाघ के हमले की यह दूसरी घटना है, इसके पूर्व 02 अप्रैल को टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर परिक्षेत्र में बाघ के एक महिला को मौत के घाट उतार दिया था।

### अनियन्त्रित बाइक हुई दुर्घटनाग्रस्त



उमरिया। कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम कारीमाटी के करीब अमड़ी मार्ग में अनियन्त्रित बाइक सवार हादसे का शिकार हो गया। घटना में अमड़ी खैरा निवासी नीरज बैगा गम्भीर रूप से घायल हु है। घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से 108 को जानकारी दी गईएजिसके बाद मौके पर पहुंची 108 ने घायल नीरज को जिला अस्पताल पहुंचाया ए एजहां घायल इलाजरत है। हादसे में युवक का पैर सहित शरीर कई अंगों में चोट आई है। घटना को लेकर सूत्रों की माने तो नीरज अपनी दो पहिया से ग्रह ग्राम जा रहा थाएइस दौरान बाइक अनियन्त्रित हुई और घायल नीरज हादसे का शिकार हुआ है।

### स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने की थीम पर आयोजित होगा कार्यक्रम

उमरिया । जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि पोषण पखवाड़ा अंतर्गत 14 अप्रैल को बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली अपनानेए समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन की थीम पर प्रभात फेरी का आयोजन, पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से मोटापे के जोखिम वाले बच्चों की पहचान कर उनके अभिभावको को पोषण परामर्श, बच्चों मे योग एवं शारीरिक व्यायाम आदि गतिविधियां, 10 दिवसीय शारीरिक माप दिवस का आयोजन कर निर्धारित बच्चों का वजन, लंबाई, उंचाई माप कर पोषण ट्रैकर ऐप में प्रविष्टिए स्कूलों मे पोषण सप्ताह की शुरूआत के साथ पोषण विषय पर पोषण संवाद एवं एनीमिया पहचान एवं प्रबंधन पर चर्चाए आयुष्मान आरोग्य मंदिर मे किशोरी बालिकाओं में खून की कमी की जांच शिविर का आयोजनए सामान्य से अधिक हिमोग्लोबिन स्तर वाली लालिमा बालिका का चिन्हांकन, सम्मान, एकलव्य मॉडयूल आवासीय स्कूलो मे एनीमिया शिविर गतिविधियां , श्री अन्न एवं मोटे अनाज के उपयोग व लाभ पर हितग्राहियों के साथ चर्चा की जाएगी । कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है।

### अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा संभाग ने किया पाली महाविद्यालय का भ्रमण

उमरिया। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार डॉ आर पी सिंह अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग रीवा.शहडोल संभाग ने विगत दिवस पाली महाविद्यालय का भ्रमण कर महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त संचालक डॉ सिंह उमरिया एवं अनूपपुर जिले के भ्रमण पर थे। इसी कड़ी में शासकीय महाविद्यालय बीरसिंहपुर पाली पहुँच कर उन्होंने महाविद्यालयीन व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के झा द्वारा उनका स्वागत किया गया।

533099 हितग्राही सम्मिलित है, जिसमें से 454922 हितग्राहियों के ईकेवॉयसी की जा चुकी है

# समस्त पात्र हितग्राहियों को दिया गया ई केवायसी संबंधी प्रशिक्षण

**विजय मत, उमरिया।**



उमरिया जिले में 78177 शेष रहे हितग्राहियों की ईकेवायसी जिले में गठित दल ;उचित मूल्य दुकान के विक्रेता एवं ग्राम पंचायत सचिवध्रोजगार सहायकद्ध एवं शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय के अन्तर्गत वार्ड प्रभारी व उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा ग्राम पंचायत के प्रत्येक ग्रामों एवं नगरीय निकायों के नगर वार्डो में शिविर लगाकर शेष सभी सदस्यों की पीओएस मशीन से ईकेवायसी किये जाने हेतु दलों का गठन एवं एसडीएम की अध्यक्षता में जनपद पंचायत कार्यालय करकेली एवं तहसील सभागार मानपुर तथा सामुदायिक भवन उत्कृष्ट विद्यालय ;कन्या शिक्षा परिसर पालीद्ध पाली में दलों को प्रशिक्षण दिया गया ।

राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम 2013 के अतर्गत उमरिया जिले में वर्तमान में 140442 परिवारों के कुल 533099 हितग्राही सम्मिलित है, जिसमें से 454922 हितग्राहियों के ईकेवॉयसी की जा चुकी है । जबकि जिले में 78177 हितग्राहियों के ईकेवायसी किया जाना शेष है । इस हेतु जिले में विशेष अभियान के तहत 14 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अपर मुख्य सचिव म.प्र.शासनए खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा किये जाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिये है ।

जनपद पंचायत करकेली सभागार में ईकेवासी प्रशिक्षण के दौरान शिवगोविन्द मरकामए अपर कलेक्टर एवं जिला नोडल अधिकारी उपस्थित रहे । अपर कलेक्टर ने प्रशिक्षण में उपस्थित दलो को शासन के निर्देशानुसार जिले में ईकेवायसी से शेष रहे हितग्राहियों की उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को प्रदाय की गई सूची अनुसार पात्र हितग्राहियों की ईकेवायसी दैनिक लक्ष्य को आधार मानते हुये शीघ्र कराने के निर्देश दिये है । प्रशिक्षण में उपस्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को दुकान के ईकेवॉयसी से शेष रहे हितग्राहियों की सूची का प्रिन्ट प्रदाय कर शेष सभी हितग्राहियों की शासन के प्राप्त दिशा निर्देशानुसार उचित मूल्य दुकान को दिये गये दैनिक लक्ष्य के मान से करनेए तथा जिले की स्थानीय निकायों को दोहरेए अपात्र तथा साईलेन्ट राशन कार्डो को पोर्टल से विलोपन के निर्देश कलेक्टर द्वारा जारी किए गये है । जिले में उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओंए ग्राम पंचायत सचिवए रोजगार सहायकए वार्ड प्रभारियों द्वारा ईकेवायसी की मॉनीटरिंग के लिये जिले में पदस्थ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं सहकारिता निरीक्षकों की डियूटी लगायी गयी हैए जो प्रतिदिन उचित मूल्य दुकान को दिये गये दैनिक लक्ष्य के अनुरूप ईकेवासी करने की मॉनीटरिग करेगे एवं रिपोर्ट से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करायेगे । जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पात्र हितग्राहियों के ईकेवायसी करने में कठिनाई के निराकरण के लिये राज्य स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 0755.2551471 है । उमरिया जिले में भी कार्यालय कलेक्ट र खादय विभाग जिला उमरिया में ईकेवायसी करने में कठिनाई के निराकरण हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसके नोडलध्प्रभारी अधिकारी , संतोष नंदनवार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मोबाईल नंबर 9425467073 एवं उनके सहयोग हेतु सुनिल टेकाम, टीएससी मो0नंबर 777097649 एवं श्री गणेश कोरी, आपरेटर मोबाईल नंबर 8823848886 की डियूटी लगायी गयी है । राष्ट्रीय खादय सुरक्षा के अन्तर्गत जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को निशुल्क राशन प्राप्त होता रहेए इसलिए ईकेवायसी से शेष रहे सभी हितग्राहियों से अपील हैं कि माह अप्रैल 2025 में उचित मूल्य दुकान की पीओएस मशीन से ईकेवायसी अनिवार्य रूप से करा लेए ताकि हितग्राही को राशन सामग्री प्राप्त करने में असुविधा न हो ।

## विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती भाजपा

**विजय मत, उमरिया।**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी पर ईडी द्वारा चार्जशीट दाखिल किये जाने के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गत दिवस स्थानीय गांधी चौक मे उग्र प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय सिंह तथा अन्य नेताओं ने मोदी सरकार पर विपक्ष की आवाज को दबाने तथा उनके विरूद्ध षडयंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाये। उन्होने कहा कि यह वही गांधी परिवार है, जिसने अरबों रूपये की धन-संपत्ति देश को समर्पित कर दी थी। जब जरूरत पड़ी तो अपने प्राण भी दे दिये। ऐसे महान परिवार को सिर्फ इसलिये बदनाम किया जा रहा है कि वे देशहित मे भाजपा की पूंजीवादी और गरीबविरोधी मानसिकता को उजागर करने के सांथ हरिजन, आदिवासी, ओबीसी और गरीब सामान्य जाति के लोगों के अधिकारों की बात कर रहे हैं।श्री सिंह ने कहा कि पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह कांग्रेस को डराने की राजनीति छोड़ दें। यह पार्टी, उसके नेता और कार्यकर्ता इससे नहीं डरते। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष रामगोपाल दाहिया, उदय प्रताप सिंह, ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय, शिशुपाल यादव, संजय अग्रवाल, अमृतलाल यादव, मनोज सिंह, लालबहादुर सिंह,कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, केपी सिंह तथा प्रवक्ता अशोक गौटिया आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम मे त्रिभुवन प्रताप सिंह, मयंक सिंह, तिलकराज सिंह, रघुनाथ सोनी, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह अब्बू, यूथ विंग के जिलाध्यक्ष संदीप यादव, मो. आजाद, श्रीमती रामायणवती कोल, श्रीमती शकुंतला ध्रुर्वे, ताजेन्द्र सिंह, राजीव सिंह बघेल, खुर्रम शहजादा, प्रहलाद यादव, राघवेन्द्र सिंह, दुर्गा गुप्ता, अशोक गुप्ता, धनीलाल राठौर, करण सिंह, एरास खान, सोमचंद वर्मा, अयाज खान, संतोष सिंह ददरौडी, वंशवरूप शर्मा, शिवकुमार सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, बाल.ष्ण यादव, मो.मोबीन, मानवेन्द्र सिंह, प्रदीप नारायण तिवारी, राजेश कोल, भगवानदास, कैलाश सिंह, राजेश सिंह, राजेन्द्र महोबिया, लक्ष्मी गुप्ता, शाकिर खान सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### तुअर फसल के पंजीयन हेतु किसान 20 अप्रैल तक पंजीयन कराएं

उमरिया। उप संचालक कृषि तथा किसान कल्याण विभाग ने जिले के समस्त किसानो से अपील है कि वे अपने तुअर फसल की उत्पाद को बेचने के लिए नजदीकी पंजीयन केंद्र पर ई-उपार्जन पोर्टल पर खरीफ 2025 में तुअर फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य 7550 रू. पर विक्रय हेतु 20 अप्रैल 2025 तक पंजीयन करवाकर सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ उठाएं। उन्होने बताया कि पंजीयन हेतु किसान तुअर फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित 35 पंजीयन केंद्रों पर कार्यालयीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन केंद्रों गिरदावरी किसान एप कियोस्क कॉमन सर्विस सेंटर लोक सेवा केंद्र पर किसान गिरदावरी एप से पंजीयन करवा सकते हैं।

किसान के विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नं0, बैंक खाता नं0, मोबाइल नं0 में किसी प्रकार के परिवर्तन / संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण-पत्र स्वरूप जिनको देखकर पंजीयन किया जा सके।

## जिला कार्यक्रम प्रबंधक सेक्टर बैठक में हुए शामिल

**विजय मत, उमरिया।**



प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम डॉ मुकुल तिवारी सेक्टर बैठक में शामिल होकर अलग.अलग उप स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया । उन्होने प्रतिभागियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र पर लू मैनेजमेंट किट बनाई जाए एवं लू से ग्रसित मरीजों की जानकारी रैपिड रिस्पांस टीम एवं जिला आईडीएसपी डाटा मैनेजर को तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में आयरन टेबलेट का वितरण समय पूर्व किया जाए जिससे कि किशोरियों को उपलब्ध कराई जा सके । मिशन परिवार विकास पखवा?ा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 11 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल 2025 तक मिशन परिवार विकास पखवा?ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत फील्ड स्तर पर टारगेट कपल्स को गर्भनिरोधक के स्थाई एवं अस्थाई साधन का प्रचार प्रसार कर सेवाओं को प्रदान करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग किए जाने हेतु निर्देशित किया गया एराष्ट्र किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चयनित साथिया को सक्रिय रूप से ग्राम स्तर पर किशोर किशोरियों के साथ बैठक आयोजित करने हेतु आशा कार्यकर्ता को निर्देशित किया गया एअनमोल 2०0 एप एवं वेबसाइट के संबंध में प्रशिक्षण के उपरांत प्रगति का अवलोकन किया गया उक्त बैठक में सेक्टर सुपरवाइजर आशा सुपरवाइजर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं फील्ड स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भागवत कथा के दूसरे दिन परीक्षित जन्म व बराह अवतार के प्रसंग में मनमुग्ध हुए श्रोता

सीधी। जिले के नगर क्षेत्र मझौली के थाना परिषद के पीछे आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन 11 अप्रैल शुक्रवार को परीक्षित जन्म, सुखदेव जन्म,वराह अवतार, कपिलोपाख्यान कथा पाठ का प्रसांगिक वर्णन करते हुए व्यास पीठ से कहा गया कि भगवान के कई अवतारों के अपने-अपने हेतु हैं। वही कथा प्रसंग में श्रोता भी मंत्र मुक्त होकर कथा का रसपान किया। व्यासपीठ से नागेंद्र किंकर ध्रुव के मुखारविंद से अमृतस्वरूपी वाणी से कथा प्रसंग का व्याख्यान दिया जा रहा है। बताते चलें कि नियन्ताकी कालजयी दृष्टि से कलुपित चेतना को शुद्ध करने के लिए मझौली की पावनधरा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानामृत ज्ञान यज्ञ दंण्डी संन्यासी बालयोगी अनंत श्री विभूषित परमहंस परिब्राजकाचार्य निर्भयानंद सरस्वती प्रतिवाद भयंकर आचार्य महाराज धर्म संघ काशी सम्पति तिलक नगर पडरा जिला सीधी के सानिध्य में वार्ड वार्ड क्रमांक 12 नगर परिषद मझौली थाना के पीछे भागवत ज्ञान यज्ञ में जारी है।

## संवेदनशील जोन में बिना अनुमति बन रहा आलीशान रिसॉर्ट

**विजय मत, उमरिया।**



मानपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर मझौली (पनपथा) के पहले कसेरू मार्ग पर एक संवेदनशील वन क्षेत्र में बिना किसी वैधानिक अनुमति के एक विशालकाय रिसॉर्ट का पक्का निर्माण कार्य जारी है। हैरानी की बात यह है कि यह निर्माण कार्य न केवल सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेशों का उल्लंघन करता है, बल्कि इसमें चोरी की रेत और भारी मशीनरी का भी उपयोग हो रहा है। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि संरक्षित और संवेदनशील जोन में किसी भी प्रकार का पक्का निर्माण कार्य प्रतिबंधित है। इसके बावजूद यहां खुलेआम नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। सूत्रों की मानें तो रिसॉर्ट निर्माण के लिए बड़ी संख्या में हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की गई है, जिनके अवशेष स्थल पर देखे जा सकते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा निर्माण कार्य वन विभाग और राजस्व विभाग की आंखों के सामने हो रहा है, बावजूद इसके किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी 'कुंभकर्णीय नींद' में सोए हुए हैं और जानबूझकर इस अवैध गतिविधि से आंखें मूंदे हुए हैं। सूत्रों ने यह भी खुलासा किया है कि रिसॉर्ट निर्माता द्वारा पट्टे की सीमा से बाहर जाकर लगभग 78 डिसमिल सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है, जो गंभीर जांच का विषय है। गौरतलब है कि रिसॉर्ट का निर्माण एक सेवानिवृत्त रेंजर द्वारा कराया जा रहा है, जो पूर्व में बांधवगढ़ नेशनल पार्क में पदस्थ रह चुके हैं। माना जा रहा है कि उनकी 'लक्ष्मी रूपी पहुंच' के आगे प्रशासन और विभागीय अधिकारी नतमस्तक नजर आ रहे हैं। हमारा उमरिया जिला प्रशासन और विशेषकर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन जी से विनम्र आग्रह है कि मझौली के पहले कसेरू मार्ग पर बन रहे इस अवैध रिसॉर्ट की गंभीरता से जांच कर, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## दुर्गंधयुक्त प्रदूषण की रोकथाम को लेकर ग्रामीणों ने प्लांट प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

**विजय मत, सीधी।**



अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट प्लांट के समीपवर्ती ग्रामीणों द्वारा प्लांट प्रबंधन को दुर्गंधयुक्त कचड़े से उत्पन्न प्रदूषण की रोकथाम तथा अन्य सभी बुनियादी समस्याओं का समाधान किए जाने विषयक ज्ञापन सीमेंट प्लांट के कारखाना प्रबंधक को बीते सात अप्रैल को प्रेषित किया गया है। ज्ञापन पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्लांट के संचालन हेतु किए जा रहे दुर्गंधयुक्त कचड़े की आवाजाही तथा किए जा रहे स्टाक से दुर्गंधयुक्त प्रदूषित हवा से समीपवर्ती ग्राम करियाझर, मझिगवां, सरदा, पटना, मलगांव, पिपरांव बुढगौना निवासी लोगों का जीवन नरकीय बन गया है, असाध्य एवं असामयिक बीमारियों का ग्राफ बढ़ने लगा है, निर्मित हुई ऐसी स्थिति से ग्रामीणों में त्राहि-त्राहि मची हुई है। जिसकी रोकथाम तत्काल प्रभाव से होनी चाहिए। साथ ही ग्रामीण जन-मानस को बीमा पॉलिसी का लाभ, दिया जाना,सीएसआर मद का ग्रामीणों के हितार्थ सदुपयोग किया जाना, प्लांट के बाहर लगभग एक किलोमीटर की दूरी के अत्यंत व्यस्ततम खंडहर सड़क मार्ग की मरम्मत कराया जाना, प्लांट की ओर से संचालित हिंदी एवं अंग्रेजी मीडियम विद्यालयों में ग्रामीण बालक बालिकाओं को प्रवेश दिया जाना तथा शिक्षण शुल्क में छूट प्रदान किया जाना आदि तथ्यों को उल्लेखित किया गया है। ग्राम पटना निवासी पदेन जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा की उपस्थिति में ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों तथा प्रमुख रूप से ग्रामीण क्षेत्र के पूर्व सरपंच समाजसेवी संतोष तिवारी, शेष मणि तिवारी, रिटायर्ड फौजी राममणि द्विवेदी, दिनेश तिवारी, नीलेश तिवारी, मुकेश तिवारी, गिरिजा प्रसाद तिवारी, गोमती प्रसाद मिश्र, रामरहीस तिवारी, बृजेन्द्र मिश्रा, धीरेन्द्र मिश्रा, विभूति भूषण शर्मा, रामसजीवन वर्मा, अंबुज मिश्रा, दीपनारायण तिवारी, राजेश तिवारी,रामचरण मिश्रा, जीवन मिश्रा, शिवशंकर कोल,तेजवली तिवारी, राजेश कोल आदि सैकड़ों ग्रामीणों एवं स्थानीय श्रमिकों के साथ प्रेषित किए गए ज्ञापन में एक सप्ताह में सक्रिय व्यवस्था तथा समाधान किए जाने का लेख किया गया है।

**जयंती** रामायण पाठ, हनुमान चालीस एवं भजनों का हुआ आयोजन, शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में दिनभर चला भंडारा

# हनुमान जयंती पर जगह जगह आयोजित हुए कार्यक्रम

**विजय मत, सीधी।**

शनिवार को हनुमान जयंती पर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, हनुमान मंदिरों में जहां सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों भीड़ जमा रही वहीं कई मंदिरों में भक्तों द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया।

शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में जहां से सुबह से भंडारा चलता रहा वही सुन्दरकाण्ड पाठ हनुमान चालीस पाठ भी भक्तों द्वारा किया गया। गोपाल दास मंदिर एवं राम जानकी मंदिर, कन्या महाविद्यालय के सामने हनुमान मंदिर में भी विभिन्न कार्यक्रमों के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। सभी जगहों पर भक्तगण सुबह से ही पहुंच कर भजन कीर्तन लोकगीत सोहर का गायन हुआ। अखंड रामचरितमानस का अनुष्ठान हुआ जिसका समापन आज दिन रविवार को 11 बजे होगा। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन है। हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। जहां दक्षिण मुखी



हनुमान जी को नवीन वस्त्र धारण कराकर सिंदूर का चोला चढ़ाया गया। आध्यात्मिक रामायण मंदिर पुजारी संत शत्रुघ्न दास द्वारा आए हुए भक्तगणों को कड़ी भात, फल, लड्डू आदि का प्रसाद वितरण कराया गया। वहीं दूसरी तरफ सायं कल 5 बजे दक्षिण मुखी हनुमानजी के समक्ष दीप प्रज्जवलित दीपोत्सव मनाया गया। वहीं शहर के कार्तिकेय मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां भारत हिंदू राष्ट्र एवं रविवार गुरुकुल की स्थापना के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु श्री गुरु बजरंग संघ मातृशक्ति प्रदेश संयोजिका गुडिया पाण्डेय द्वारा 21 बार हनुमान चालीसा, महिला मंडल द्वारा बहुत ही भाव से संगीतमय गायन हुआ। वहीं दिन शुक्रवार को रामनाम संकीर्तन का 12 घंटे अखंड चलाता रहा, कार्तिकेय मंदिर व्यवस्थापक शिवकुमार सिंह चौहान ने बताया कि हर वर्ष की बात इस वर्ष भी बड़े उत्साह के साथ श्रद्धालु भकगण हनुमान जन्मोत्सव में शामिल हुए एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस महान पर्व पर शनिवार को सामूहिक रूप से एक समय एक साथ सुबह 9 बजे हनुमान चालीसा पाठ का अभियान चल रहा है।

**हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव**

जिले के कुसमी क्षेत्र अंतर्गत प्राचीन बजरंगबली मंदिर हनुमान चौराहा कुसमी एवं वनवासी बजरंगबली मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया है। कार्यक्रम में भक्तों के द्वारा सुंदर कांड का पाठ रामायण पाठ एवं प्रसाद वितरण भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं कर्मप्रथम चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर प्रसाद वितरण किया गया है तब कार्यक्रम में कर्मप्रथम चैरिटेबल फाउंडेशन के एस्जिकेटिव डायरेक्टर अमित श्रीवास्तव, एडवोकेट राजेंद्र तिवारी, संगम लाल गुप्ता, संतोष गर्ग, कमलभान जायसवाल, भाई लाल शर्मा, अवधेश प्रसाद गुप्ता, प्रेमचंद साहू, राहुल विश्वकर्मा, आशीष मिश्रा, दिनेश गुप्ता, शिवनाथ नापित, दल प्रताप नापित सहित कई लोग कार्यक्रम में शामिल होकर हनुमान जी की पूजा अर्चना करके प्रसाद वितरण किया। वहीं रात में 101 हनुमान चालीसा का जाप एवं भंडारा का कार्यक्रम भी आयोजन वनवासी बजरंगबली मंदिर में किया जाएगा।

**हनुमान चौराहा खोरी में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव**

सिहावल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत खोरी के हनुमान चौराहा पर धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। पिछले वर्ष यहां की हनुमान जी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर दी गई थी। उसके बाद जनसहयोग से मंदिर का निर्माण कराकर हनुमान जी की स्थापना, धर्म ध्वजा और विशाल भंडारे का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया गया। आयोजन में रामस्वरूप मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, इंद्रबहादुर सिंह गहरवार, सज्जन गहरवार, अंबुज मिश्रा, जनपद सदस्य कुबरी यज्ञराज साहू, मृत्युंजय प्रसाद गौतम कुबरी, जीवेंद्र शुक्ला, विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा सपही, अंजनी गहरवार, प्रमोद बघेल, श्यामस्वरूप मिश्रा, अरविंद सिंह, पिंटू सिंह, अमन मिश्रा, शिवराज सिंह, सरपंच हरिनारायण मिश्रा, दुअरा सरपंच अजय सिंह, खोरी सरपंच राजकुमार साहू, अमरपुर मंडल अध्यक्ष आशीष तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद प्राप्त किया।

## न्यूज इन शॉर्ट

### देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, धारदार हथियार सहित आदतन बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल।** कोहेफिजा पुलिस ने इलाके के आदतन बदमाश को आदी मोहम्मद खान को देशी कट्टा, जिंदा कारतूस सहित धारदार हथियार सहित गिरफ्तार किया है। बताया गया है की बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया। टीआई बिजेन्द्र मर्सकोले से मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात पैट्रौलिंग के दौरान टीम को मुखबिर से सूचना मिली की युवक किसी गंभीर घटना को अंजाम देने की नियत से सैफिया ग्राउंड मे कट्टा और चाकू लेकर घूम रहा है। खबर मिलते ही टीम ने घेराबंदी कर सदिंग्ध युवक को दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान आदी एम खान पिता फैज मोहम्मद खान (20) निवासी खानूगाँव कोहेफिजा के रुप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास एक देशी कट्टा, कारतूस और छुरा बरामद हुआ। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला कायम कर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया की पकड़ाया गया युवक आदतन बदमाश है, उसके खिलाफ पूर्व मे भी कोहेफिजा थाने में मारपीट, लडाई-झगडे के मामले दर्ज है। आरोपी के पास बरामद देशी कट्टा और जिंदा कारतूस कहॉ से आया और वो इलाके में किस नियत से घूम रहा था, इसके सबंध मे पूछताछ की जा रही है।

### नौ साल से मायके में रही थी पत्नि, परेशान पति ने रात को खाया जहर, सुबह हो गई मौत

**भोपाल।** देहात क्षेत्र के बैरसिया इलाके में रहने वाले एक युवक ने बीती देर रात जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार वालो ने उसे इलाज के लिये हॉस्पिटल पहुंचाया लेकिन उसकी हालत लगातार नाजूक होती गई आखिरकार सुबह उसने दम तोड़ दिया। बताया गया है की पारिवारिक विवाद के चलते उसकी पत्नि उसके साथ रहने को राजी नहीं थी, और बीते करीब नौ साल से अपने मायके में ही रह रही थी। अनुमान है कि इसी तनाव में आकर उसने यह कदम उठाया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम इमलिया में रहने वाला मोहन सिंह (34) पुत्र मातम सिंह पेशे से खेती किसानी करता था। उसकी पत्नि नौ साल से दोनों बेटियों को लेकर शमशाबाद में स्थित अपने मायके में रह रही है। मोहन और उसके परिजनों ने कई बार उसे समझाइश देते हुए वापस लाने की कोशिशे की लेकिन पत्नी ने ससुराल आने से मना कर दिया। मृतक के परिवार वालो का आरोप है कि मोहन की सास ने उसपर हत्या के प्रयास का केस दर्ज करा रखा है। करीब एक साल पहले जब वह पत्नि चाची को लेने मायके गया था, उस समय हुए विवाद के बाद मोहन का अपनी सास से जमकर झगड़ा हो गया था, और मोहन ने उनसे मारपीट कर दी थी। तब मोहन पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ था। इसके साथ ही उसकी पत्नि ने भी उस पर केस दर्ज करा रखा था। प्रकरणो की पेशियो और पत्नी के वापस न लौटने से वह काफी मानसिक तनाव में रहने लगा था, और कई बार परिवार वालो से जान देने की बात कह चुका था। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपते हुए कारणो की जॉच शुरु कर दी है।

### बाइक में आग लगाकर दहशत फैलाने वाले बदमाशो का पुलिस ने निकाला जुलूस


**भोपाल।** पुराने शहर के टीला जमालपुरा थाना इलाके में स्थित नगर निगम कॉलोनी में रहने वाले युवक की बाइक में आग लगाकर दहशत फैलाने वाले तीन बदमाशों में से दो को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ ही उनका जुलूस निकाला। बताया गया है कि जिस युवक की बाइक को जलाया गया, पूर्व में उसने आरोपियों में से एक को थप्पड़ जड़ दिया था। इसी का बदला लेने की नीयत से बदमाशो ने वारदात को अंजाम दिया गया। थाना पुलिस ने बताया की नगर निगम कॉलोनी में रहने वाले फराज खान (32) ने शिकातय दर्ज कराते हुए बताया था की आरोपी साहिल हनुमानगंज थाने का निगरानी बदमाश है। उसके साथी शब्बर और औबेज भी आदतन प्रवृत्ति के हैं। तीनों ने मंगलवार की रात को उसके घर आकर बाहर बुलाया और शराब पीने के लिये पैसो की मांग करते हुए अड़ीबाजी करने लगे। फराज ने जब उनका विरोध करते हुए रकम देने से इंकार किया तब तीनो ने उसके दो पहिया वाहन में आग लगाई और उसके साथ मारपीट कर धमकी देकर भाग गए। मामला दर्ज कर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए कुछ घंटो के भीतर ही शब्बर और औबेज को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों का बुधवार दोपहर को घटनास्थल वाले इलाके में जुलूस निकाला गया। तीसरा आरोपी साहिल फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। बताया गया है की फराज भी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ कई प्रकरण दर्ज हैं। और पूर्व में विवाद होने पर फराज ने साहिल को चांटा मार दिया था। इसके बाद से ही दोनों पक्षों में इलाके में वर्चस्व को लेकर विवाद चल रहा है।

### इंदौर क्राइम ब्रांच ने नकली नोटों के गिरोह का किया पर्दाफाश , इंजीनियर और मेडिकल स्टोर्स का संचालक गिरफ्तार

**भोपाल।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने भोपाल से नकली नोट का धंधा करने वाले एक इंजीनियर और मेडिकल स्टोर चलाने वाले संचालक को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से करीब 3.35 लाख रुपए कीमत के नकली नोट बरामद हुए हैं। इंदौर क्राइम क्राइम ब्रांच पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। आकाश घारू और शंकर चौरसिया को इंदौर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीसीपी क्राइम इंदौर राजेश दंडोतिया के अनुसार आकाश इंजीनियर है। शंकर मेडिकल स्टोर चलाता है। दोनों सोशल मीडिया के जरिए नकली नोट छापने वाले गिरोह के संपर्क में आए थे। 25 फ़ीसदी राशि में नकली नोट खरीद कर उन्हें बाजार में चलाते थे। क्राइम ब्रांच ने नकली नोट छापने वाले गिरोह को पकड़ा था। उसमें आरोपी छिंदवाड़ा निवासी अब्दुल शोएब, रहीस खान और प्रफुल्ल कुमार थे। पूछताछ के दौरान इन दो व्यक्तियों की जानकारी मिली थी। जिन्हें इंदौर क्राइम ब्रांच की पुलिस ने भोपाल में आकर गिरफ्तार किया है।

### किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए मंत्रिपरिषद ने दी है मिशन को सैद्धांतिक मंजूरी

# मप्र कृषक कल्याण मिशन किसानों के समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल : मोहन




**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है और इस क्षेत्र में यहां अपार संभावनाएं हैं। किसानों की आय, कृषि उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन में वृद्धि के साथ-साथ खाद्य प्र-संस्करण और कृषि से उत्पादित कच्चे माल पर आधारित औद्योगिक इकाई स्थापित करने जैसे हर संभव प्रयास जारी हैं। किसानों और गौपालकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कुपोषण दूर करने की दिशा में सरकार योजनाबद्ध तरीके से पूरी ऊर्जा के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं तैयार की जा रही हैं। मध्यप्रदेश में वर्तमान दुग्ध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर जल्द से जल्द 20 प्रतिशत तक करने के लिए राज्य सरकार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना प्रारंभ की है। इससे हम घर-घर गोकुल तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमने गौशालाओं में दुधारू पशुओं के लिए भी अनुदान राशि बढ़ाने का भी निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत ञ्च2047 के विजन के अनुरूप हमारी सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी कल्याण के लिए मिशन शुरू कर दिए हैं। मंत्रि-परिषद की गत दिवस मंगलवार को बैठक में मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मध्यप्रदेश को विशेषकर गरीबों औरकिसानों को आर्थिक रूप से सुखी और समृद्ध बनाने के लिए प्राण-प्रण से कार्य कर रही है।

### केन्द्रीय गृहमंत्री शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव नीमच में सी.आर.पी.एफ. स्थापना दिवस समारोह में होंगे शामिल

**भोपाल।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 86वें स्थापना दिवस समारोह में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 17 अप्रैल 2025 को नीमच स्थित सी.आर.पी.एफ. के ग्रुप सेंटर में सीआरपीएफ स्थापना दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी विशेष रूप से शामिल होंगे।

सी.आर.पी.एफ. स्थापना दिवस प्रतिवर्ष 19 मार्च को मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1950 में तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा बल को ध्वज प्रदान किया गया था। इस वर्ष परेड 17 अप्रैल को विस्तारित समारोहों के तहत आयोजित की जा रही है। नीमच की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी इस अवसर पर विशेष महत्व रखती है। 27 जुलाई 1939 को ब्रिटिश शासनकाल में क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस की स्थापना की गई थी, जिसे स्वतंत्रता के पश्चात 28 दिसंबर 1949 को देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) नाम दिया। सी.आर.पी.एफ. ने देशी रियासतों के एकीकरण से लेकर आंतरिक सुरक्षा, उग्रवाद-आतंकवाद विरोधी अभियानों, अंतर्राष्ट्रीय शांति स्थापना, वीआईपी सुरक्षा और आपदा प्रबंधन तक अनेक मोर्चों पर सशक्त भूमिका निभाई है। आज यह विश्व का सबसे बड़ा और सुसज्जित अर्धसैनिक बल है।

समारोह में सी.आर.पी.एफ. की आठ टुकड़ियों द्वारा परेड की जाएगी। इस अवसर पर गृहमंत्री वीरता पदकों के लिए चयनित सीआरपीएफ कर्मियों को गैलेन्टरी मेडल्स प्रदान करेंगे। कोबरा, आरएएफ, वैली, क्यूएटी और डॉग स्क्वॉड जैसी इकाइयों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

## सात मौत का मामला, दमोह के मिशन अस्पताल का लाइसेंस निलंबित




### प्रबंधक बोलीं-हमें नहीं मिला सीएमएचओ का पत्र

**विजय मत, ब्यूरो, दमोह**

दमोह में सात मरीजों की मौत का आरोप झेल रहे मिशन अस्पताल का लाइसेंस सीएमएचओ ने निलंबित कर दिया। बुधवार को एक पत्र जारी कर मिशन अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी गई। साथ ही स्पष्ट किया गया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। हालांकि, मिशन अस्पताल की प्रबंधक पुष्पा खरे ने कहा कि अभी तक उन्हें सीएमएचओ कार्यालय से इस प्रकार का कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

सीएमएचओ डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि मिशन अस्पताल द्वारा लाइसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदन किया गया था। लेकिन, जो दस्तावेजों मांगे गए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया। ऐसे अस्पताल प्रबंधन को एक सप्ताह का समय भी दिया गया था। लेकिन, इसके बाद भी दस्तावेज सबमिट नहीं किए गए। इसके अलावा, मिशन अस्पताल में न तो लैब टेक्नीशियन है और न ही कार्डियोलॉजिस्ट।

#### सीएमएचओ के पत्र में क्या?

सीएमएचओ डॉ. मुकेश जैन की ओर से जारी आदेश में अस्पताल के लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही, अस्पताल में मौजूद सभी मरीजों को तीन दिन के अंदर जिला अस्पताल में शिफ्ट कराने की बात कही गई है। हालांकि, मिशन अस्पताल में वर्तमान में कोई भी मरीज भर्ती नहीं है। केवल, ओपीडी ही चल रही थी।

#### प्रबंधक बोलीं- लाइसेंस रिन्यू हो चुका है

मिशन अस्पताल की प्रबंधक पुष्पा खरे ने बताया कि अभी तक उन्हें सीएमएचओ कार्यालय से लाइसेंस निलंबित करने संबंधी कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अस्पताल का लाइसेंस 14 अप्रैल को रिन्यू हो चुका है। अधिकारियों को अस्पताल का निरीक्षण करना है, इस दौरान टीम जो कमियां बताएगी, उन्हें दूर किया जाएगा। पुष्पा खरे ने कहा कि पैथोलॉजिस्ट ने समय से पहले ही इस्तीफा दे दिया था, इसलिए पैथोलॉजी और डायलिसिस यूनिट को बंद कर दिया गया है। डायलिसिस यूनिट का नवीनीकरण भी नहीं हुआ है। पुलिस ने अस्पताल की जिस समिति पर मामला दर्ज किया है, वह समिति 2022 की है। इसे लेकर कोर्ट में जवाब पेश किया जाएगा।

## महापौर व निगम अध्यक्ष ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवविवाहित वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया




**विजय मत, भोपाल**

महापौर मालती राय व निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बिट्टन मार्केट में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मिलन में नवविवाहित वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। बिट्टन मार्केट सब्जी बाजार में बुधवार को आयोजित निःशुल्क विवाह सम्मेलन में महापौर मालती राय व निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने 11 नवविवाहित वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया और सुखमय जीवन की मंगल कामनाएं भी दी। जय माँ वैष्णव देवी दुर्गा उत्सव समिति, राम रसोई समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पूर्व निगम परिषद अध्यक्ष डॉ.सुरजीत सिंह चौहान, बिट्टन मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष हरिओम खटीक सहित बड़ी संख्या में आयोजन समिति के सदस्य, वर-वधुओं के परिजन व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## मप्र बोर्ड 10वीं 12वीं का 85 फीसदी मूल्यांकन कार्य पूरा, 20 तक खत्म करने का लक्ष्य, मई में आएगा रिजल्ट

**भोपाल।** एमपी बोर्ड से इस वर्ष 10वीं 12वीं की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों का इंतजार समाप्त होने वाला है। जल्द ही परीक्षा परीणाम घोषित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा मूल्यांकन पर पूरा फोकस किया। बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि मूल्यांकन अंतिम दौर में है। लगभाग 85 फीसदी कांपियों की जांच कर ली गई है। 20 अप्रैल तक कापियों की जांच पूर्ण हो जाएगी। इसके बाद मई के प्रथम सप्ताह में रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। गौरतल है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा की थी।

### सफलता की कहानी

## लाड़ली बहना योजना से सविता की आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती राह

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल बन चुकी है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह 1250 रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में स्थानांतरित की जा रही है, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति में समर्थ हो रही हैं। इसी योजना का लाभ भोपाल के बाणगंगा क्षेत्र की निवासी श्रीमती सविता विश्वकर्मा को भी मिल रहा है।

सविता बताती हैं कि उन्हें प्राप्त राशि से वे अपने घरेलू खर्चों को आसानी से संभाल पा रही हैं। अब उन्हें अपने छोटे-मोटे खर्चों के लिए किसी और पर निर्भर नहीं रहना पड़ता, जिससे आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत उन्हें मात्र 450 रुपये में गैस कनेक्शन भी प्राप्त हुआ है, जिससे रसोई संबंधी कार्यों में भी उन्हें सुविधा मिली है।

सविता ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना उनके लिए एक बड़ी सहायता बनकर आई है। यह योजना न केवल आर्थिक सहयोग दे रही है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर भी कर रही है।

## रतलाम में बोले पंडित धीरेंद्र शास्त्री-मुसलमान को गाली देकर देश को हिंदू राष्ट्र नहीं बनाया जा सकता

**विजय मत, ब्यूरो, रतलाम**



रतलाम में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बुधवार को चार्टर्ड प्लेन से रतलाम पहुंचे। वे यहां निजी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद उनका दरबार सजा। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में कहीं न कहीं वहां की सरकार का हाथ है।

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हिंदुओं को एकजुट होना होगा। छुआछूत की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई। पंडित शास्त्री ने कहा कि हिंदू का मतलब एक ऐसी विचारधारा से है जो तीसरे विश्व युद्ध को रोक सकता है हिंदू कभी हिंसा नहीं चाहता है। आप अपने बच्चों को कुछ भी बनाएं लेकिन समर्पित भाव का कट्टर हिंदू जरूर बनाएं। उन्होंने कहा कि मुसलमान को कुरान और ईसाई को बाइबल का ज्ञान है, लेकिन हिंदुओं को न गीता का ज्ञान है और न पुराण का। हम लोगों ने अपनी संस्कृति को छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि बेटा-बेटी वह महान नहीं जो मां-बाप के नाम से जाने जाते हों। महान तो वे बेटा बेटी हैं जिनके नाम से मां-बाप जाने जाते हों। हम सभी को आज से यह प्रण लेना है कि 24 घंटे में से 23 घंटे काम करना है। लेकिन, एक घंटा हिंदुत्व को समर्पित करना है, जहां धर्मांतरण हो रहा है वहां हिंदुत्व का प्रचार करो। हनुमान चालीसा का पाठ करो।

## दूसरी बस के ओवरटेक से बचने के प्रयास में डिवाइडर पर चढ़कर पलटी कर्मचारियों से भरी बस

**भोपाल।** राजधानी के नजदीक बागसेवनिया थाना इलाके में भोपाल-नर्मदापुरम रोड पर बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी के सामने बुधवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। यहॉ सोम डिस्टिलरीज के कर्मचारियो को ले जा रही बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। एक्सीडेंट में बस में सवार ड्राइवर-कंडक्टर सहित सोम डिस्टिलरीज के करीब 15 कर्मचारी घायल हो गए। इनमें चार की हालत गंभीर और एक की हालत चितांजन बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार बीयू के सामने एक बस अचानक अनयित्रिंत होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। बताया गया है कि बस कर्मचारियों को लेकर मंडीदीप की ओर जा रही थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद लोगो के साथ मिलकर घायलों को इलाज के लिये नजदीक ही स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बस चालक हेमंत के साथ ही मनोज यादव और अनिल मीणा नामक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हुए है, जिनकी हालत चिंताजनक है।

## मप्र में आज से बढ़ेगी गर्मी, कुछ क्षेत्रों में लू चलने के आसार, 3 दिन तक रहेगा असर

**विजय मत, भोपाल**



मध्य प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। एक बार फिर गर्मी का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश का अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया है। प्रदेश में अगले 3 दिन तेज गर्मी का असर रहेगा। ग्वालियर, चंबल, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में हीट वेव यानी, लू भी चल सकती है। बुधवार को प्रदेश के सभी जिलों में गर्मी बढ़ेगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और सागर संभाग में पारा 41 डिग्री के पार रहेगा। मौसम विभाग ने 18 अप्रैल तक तेज गर्मी की संभावना जताई है। इस दौरान बारिश के आसार नहीं है। पूर्वी हिस्से यानी, जबलपुर, रीवा-शहडोल संभाग में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है।

मध्य प्रदेश मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि प्रदेश में अभी तीन सिस्टम एक्टिव है। इनमें दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और तीसरा ट्रफ शामिल हैं। 16 अप्रैल से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) प्रभावित कर सकता है।

## डिजिटल अरेस्ट कर 68 लाख की ठगी करने वाली गैंग में शामिल दो सगे भाई भीलवाड़ा से गिरफ्तार

**विजय मत, भोपाल**

राजधानी भोपाल की साइबर क्राइम ब्रांच टीम ने डिजिटल अरेस्ट कर 68 लाख 49 हजार रुपए की ठगी करने के मामले में एक और सफलता पाते हुए राजस्थान के भिलवाड़ा से दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी सगे भाई है, जिन्होनें विदेश में बैठे ठगों को टेलीग्राम के जरिए किराये पर बैंक खाते उपलब्ध कराए थे, इन अकाउंट में ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी। इस मामले में पुलिस अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पकड़े गये आरोपी बीते 4 साल में करीब 150 बैंक खाते साइबर ठगों को बेच चुके हैं। क्राइम ब्रांच एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की फरियादी ने साइबर क्राइम ब्रांच भोपाल में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था की अज्ञात व्यक्ति ने खुद को फेडएक्स कंपनी का कर्मचारी बताते हुए ड्रग्स से जुड़ा पार्सल उनके नाम से ताइवान भेजे जाने की बात कही। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का डीसीपी बताते हुए स्काइप पर वीडियो कॉल कर उन्हें धमकाते हुए डिजिटल अरेस्ट कर लिया। डर और मनी लॉन्ड्रिंग के झूठे आरोप में फंसाने की धमकी देकर गिरफ्तारी किये जाने की बात कहते हुए जालसाजो ने फरियादी से 68.49 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने उन खातो की छानबीन की जिसमें ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी राजेन्द्र मीणा ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक खाता खोला था, और बैंक कर्मचारी लोकेश सैनी ने इस फर्जीवाड़े में उसकी मदद की थी। यह खाता डेढ़ लाख रुपए में नमो नारायण मीणा को बेचा गया। नमो नारायण ने इसे आरोपी सगे भाईयो विशाल भट्ट (25) और यशपाल भट्ट (21) पिता चन्द्रप्रकाश भट्ट निवासी बदादा बाद, गुलाबपुरा जिला भीलवाडा राजस्थान तक पहुंचाया।

**खास-खबर** बारिश से पहले बड़ी चुनौती

## 25 लाख पौधों के लिए जमीन की तलाश शुरू

**विजय मत, ब्यूरो, इंदौर**



वन विभाग पिछले कई दिनों से लगभग 25 लाख पौधे लगाने के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश कर रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जल संसाधन मंत्री द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर वन विभाग को 25 लाख पेड़-पौधे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के तहत बड़े स्तर पर पौधारोपण की योजना बनाई गई है, जिसके लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान की जा रही है।

मंत्री तुलसी सिलावट के निर्देश के बाद वन विभाग ने महू, मानपुर, चोरल सहित इंदौर फॉरेस्ट रेंज में पौधे लगाने के लिए स्थानों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। डीएफओ प्रदीप मिश्रा के अनुसार, कई स्थानों की पहचान कर ली गई है, जहां पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। हालांकि वन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि 25 लाख नए पौधे लगाने के लिए जमीन तलाशना आसान नहीं है, क्योंकि पिछले वर्ष ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आदेश पर 51 लाख पौधारोपण अभियान चलाया गया था, जिसमें विभाग ने लगभग 25 लाख पौधे पहले ही लगा दिए थे।

### हर साल 5 लाख पौधारोपण की परंपरा, इस बार चुनौती बड़ी

इसके अलावा, वन विभाग हर साल वर्षा ऋतु से पहले लगभग 5 लाख पौधे स्वयं भी लगाता है। इस वर्ष भी बारिश से पहले गड्ढे खोदने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। ऐसे में इस बार पौधों की संख्या और जिम्मेदारी दोनों ही अधिक हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अब पूरा वन अमला इंदौर की चारों फॉरेस्ट रेंजों में पौधारोपण के लिए जगह तलाशने में व्यस्त है। यह अभियान विभाग के लिए एक बड़ी प्रशासनिक और ज़मीनी चुनौती बन चुका है।

### 30 लाख पौधे लगाने की बड़ी जिम्मेदारी, हरियाली बढ़ाने की पहल

पिछले वर्ष के अभियान के बाद इस साल भी इंदौर वन विभाग के सामने करीब 30 लाख पेड़-पौधे लगाने और उनका संरक्षण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है। अब देखने वाली बात यह होगी कि विभाग कितने समय में 25 लाख पौधों के लिए ज़मीन का बंदोबस्त कर पाता है। उल्लेखनीय है कि शहर में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें सरकारी एजेंसियों के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी भी होती है। जल गंगा संवर्धन अभियान भी इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसके तहत लाखों पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# भगवान जब जीवन देता है तो सही सही उम्र भी दे?

भगवान जब जीवन देता है तो सही सही उम्र भी देद्य आगाह अपनी मौत से कोई बसर नहीं सामान सौ वर्ष का है पल भर की खबर नहीं हैद्य मौत का कोई कैलेंडर नहीं होताद्य मौत का समय, स्थान, निर्धारित है अक्सर देखा गया है कि आज छोटे छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक की अकाल मृत्यु हो रही हैद्य जन्म लेते ही बच्चों की मौत हो जाती हैद्य बीमारी से मौत हो रही है, सड़क हादसों में लोग मारे जा रहे हैंद्य छोटे छोटे बच्चे अनाथ हो रहे हैं, छोटी उम्र में बेटियां विधवा हो रही हैं उनके सुहाग उजड़ रहे हैंद्य सुहाग उजड़ने के बाद उनका जीवन तबाह हो जाता हैद्य जिंदगी काटना मुश्किल हो जाती हैद्य मौत एक अटल सच्चाई है जो पैदा हुआ है वह एक दिन दुनिया से रुख़सत होगाद्य मौत क़ो कोई नहीं टाल सकताद्य राजा महाराजा सब क़ो मौत नसीब होती है मौत से कोई नहीं बच पाया हैद्य मौत क़ो आज तक कोई नहीं बांध पाया हैद्य मौत एक शाश्वत सच्चाई हैद्य जीवन अनमोल हैद्य मानव क़ो अपना जीवन सही तरीके से जीना चाहिए अच्छे कर्म करने चाहिएद्य मानव जीवन बहुत ही दुर्लभ होता हैद्य आज लोग जीवन क़ो बर्बाद कर रहे हैद्य युवा से लेकर बुजुर्ग तक नशेड़ी बन चुके हैंद्य युवा नए नए नशे कर रहे हैं और अपना जीवन नर्क बना रहे हैंद्य अल्प मृत्यु हो रही हैद्य सुख दुःख जीवन की धूप छावँ हैद्य दुनिया मै कोई भी इंसान सुखी नहीं है सुख दुःख जीवन मै आते जाते रहते हैंद्य आज सुख है कल क़ो दुःख भी झेलना पड़ सकता हैद्य ईश्वर क़ो सुख दुःख मे बराबर याद रखना चाहिए ताकि एक संतुलन बना रहेद्य सुखी वही मानव है जो सुख दुःख मै अपने क़ो ढाल लेता है क्यूंकि जिंदगी मे कई परिस्थितियां बनती रहती है जिसने परिस्थिति क़ो संभाल लिया वही विजेता हैद्य सुख दुःख सदा नहीं रहताद्य अपना अपना भाग्य हैं कहीं कोई रोटी क़ो तरसते हैं तो कहीं खाना नालियों मे फेंका जाता हैंद्य किसी के पास अकूत सम्पति है तो कोई एक एक पैसे क़ो तरस रहा हैद्य वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# योगी ने साकार किया राम को रोटी से जोड़ने का सपना

**अंकित सिंह**

अपने यहां कहा जाता है,जिसने जन्म दिया वही रोटी का भी इंतजाम करेगा। यह ऊपरवाले पर मुकम्मल भरोसे के साथ इस बात की ओर भी संकेत करता है कि अगर अपने इष्टदेवों से जुड़े स्थलों को सजा सवार दिया जाय। वहां आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधा के मद्देनजर बुनियादी सुविधाएं विकसित कर दी जाएं तो वहां भारी संख्या में रोजी रोजगार के अवसर स्थानीय और आसपास के लोगों को उपलब्ध होते हैं। यह राम को रोटी को जोड़ने जैसा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे सच साबित कर दिया। आज शिव की अविनाशी काशी और राम की अयोध्या पर्यटकों की आमद के मद्देनजर यहां के लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया बन गए हैं। कमोबेश यही स्थिति अन्य तीर्थ स्थलों की भी है। तीरथराज प्रयाग में आयोजित महाकुंभ में तो इसका चरमोत्कर्ष दिखा। सरकार का अनुमान था कि करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले विश्व के इस सबसे बड़े धार्मिक समागम में करीब 35 से 40 करोड़ श्रद्धालु एवं पर्यटक शामिल होंगे, पर शामिल हुए 66 करोड़ से अधिक लोग। इनमें से बहुतों की मंजिल सिर्फ प्रयागराज ही नहीं, काशी, अयोध्या, वनगमन के दौरान जहां भाई लक्ष्मण और पत्नी सीता सहित राम को निषादराज ने जहां उनको गंगा पार कराया था वह श्रृंगवेरपुर और वनगमन के दौरान राम ने मंदाकिनी के तट पर जिस चित्रकूट में सर्वाधिक समय गुजारा था, वह भी थी। कई लोगों ने विंध्याचल स्थित मां जगदंबा के दरबार में भी हाजिरी लगाई।



> उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे सच साबित कर दिया। आज शिव की अविनाशी काशी और राम की अयोध्या पर्यटकों की आमद के मद्देनजर यहां के लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया बन गए हैं। कमोबेश यही स्थिति अन्य तीर्थ स्थलों की भी है। तीरथराज प्रयाग में आयोजित महाकुंभ में तो इसका चरमोत्कर्ष दिखा।

अब एक पर्यटक ने औसतन इस दौरान कितना खर्च किया। इस खर्च का कितना कितना लाभ इस सेक्टर्स से जुड़े स्टेकहोल्डर्स और स्थानीय लोगों को मिला। केंद्र और राज्य सरकार के हिस्से में प्रयागराज के महाकुंभ और काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर और राममंदिर एवं अयोध्या के कायाकल्प पर हुए खर्च की तुलना में कितना लाभ हुआ, यह अर्थशास्त्र के जानकारों के लिए अनुमान विषय है। पर, यह निर्विवाद सच है कि पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की बढ़ती आमद से लाभ में सब रहे। साथ ही इसने उत्तर प्रदेश के लिए संभावनाओं का एक नया और बड़ा दरवाजा खोल दिया। क्योंकि, बहुसंख्यक समाज के रोम रोम में बसने वाले राम की अयोध्या, तीनों लोकों से न्यारी शिव की काशी और राधा कृष्ण की जन्म भूमि, ग्वाल बालों और गोपियों के साथ लीला के स्थल ब्रज उत्तर प्रदेश में है। इन सभी जगहों की संभावनाओं के मद्देनजर योगी सरकार यहां आने वालों की सुरक्षा और सुविधा के लिहाज से लगातार काम भी कर रही है। इसका नतीजा है कि पर्यटकों की आमद के हिसाब से उत्तर प्रदेश लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2022 से ही घरेलू पर्यटकों के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में नंबर एक पर बना हुआ है। सरकार के आंकड़ों पर गौर करें तो 2017 में उत्तर प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या मात्र 24 करोड़ थी, जो 2024 में बढ़कर 65 करोड़ हो गई। आठ वर्षों में 41 करोड़ की यह वृद्धि खुद में अभूतपूर्व है। स्वाभाविक है कि महाकुंभ के नाते 2025 एक नया रिकॉर्ड रचेगा। यह संख्या एक अरब का ऊपर तक जा सकती है।

पंजाब, हरियाणा और दिल्ली चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 60 फीसद से अधिक घेरलू यात्राएं धार्मिक स्थलों की होती हैं। धार्मिक पर्यटन आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ऐसी सभी जगहों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं, सड़क और एयर कनेक्टिविटी, आने वालों की सुरक्षा और सेवा देनी होती है। यह सारा काम उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संजीदगी से कर रही है।

यह सब यूं ही नहीं हुआ। इसकी पृष्ठभूमि मार्च 2017 में जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तभी से शुरू हो गई थी। तब अयोध्या जाना तो दूर की बात, कोई नेता अयोध्या का नाम तक नहीं लेना चाहता था उस अयोध्या में वह बार बार गए। हर बार उन्होंने अयोध्या को विकास की बड़ी सौगात दी। दीपावली के एक दिन पूर्व भव्य दीपोत्सव आयोजन कराया। इससे एक बार फिर देश-दुनिया में राम को मानने वालों का ध्यान अयोध्या की ओर गया। राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने और मंदिर का शिलान्यास होने के बाद तो केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या के कायाकल्प के लिए खजाने का मुंह खोल दिया। मुख्यमंत्री की मंशा अयोध्या की दुनिया की सबसे खूबसूरत पर्यटन नगरी बनाने की है। इसे वे कई बार सार्वजनिक मंचों से भी कह चुके हैं। उसी मंशा के अनुरूप अयोध्या में लगातार काम भी हो रहे है। काशी, प्रयाग, ब्रज क्षेत्र पर भी उनका इसी तरह फोकस है। उल्लेखनीय है कि राम और रोटी का रिश्ता अटूट है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। राम मंदिर आंदोलन को धार देकर भाजपा ने इसे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का सबसे प्रमुख एजेंडा बनाया। करीब 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद जब राम मंदिर आंदोलन के बारे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और अयोध्या में राम जन्मभूमि पर रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण शुरू हुआ तो केंद्र और उत्तर प्रदेश में भाजपा ही सत्ता में रही। सोने पर सुहागा यह कि इस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ थे। यह वह पीठ है जिसका राम मंदिर आंदोलन से वास्ता करीब 100 वर्षों का है। योगी के दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ और खुद योगी आदित्यनाथ राम मंदिर आंदोलन के हर महत्वपूर्ण घटना के समय मौजूद रहे। ऐसे में जनमानस के मन में यह बैठ गया है कि अयोध्या में श्रीराम को फिर से पुनर्स्थापित करने का काम भाजपा ने किया। इस काम में गोरक्षपीठ की अहम भूमिका रही।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# मोदी का नया मंत्र : देरी विकास का दुश्मन

**उमेश चतुर्वेदी**

लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। अमेरिकी लेखक जय एम फिनमैन की अमेरिकी बीमा कंपनियों के कामकाज को लेकर कुछ साल पहले एक पुस्तक आई थी, डिले, डिनाय, डिफेंड...अंग्रेजी के इन तीन शब्दों का अर्थ है टालना, इनकार करना और बचाव करना। इस पुस्तक में फिनमैन ने साबित किया है कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को टालती हैं, देने से इनकार करती हैं और फिर अपने फैसले का बचाव करती हैं। नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है, उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती हैं, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उससे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती है और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती है। इस देर और इनकार की कीमत आखिरकार जनता को चुकानी पड़ती है। अव्वल तो तय समय पर लोगों को सहूलियतें मिल ही नहीं पाती। लेकिन जब किसी वजह से परियोजना पर काम चलता भी है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उसकी लागत खर्च बढ़ चुकी होती है। आखिरकार इसकी कीमत देश को ही चुकानी पड़ती है।



> लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है। बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास की बड़ा रोड़ा बताया है।

अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में असम के बोगीबील पुल परियोजन का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया। लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। जिसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। इस योजना पर दोबारा काम मोदी सरकार के आने के बाद शुरू हुआ और चार साल में यह पुल बनकर तैयार हुआ और 2018 इसे जनता के लिए खोला गया। अगर इसी हिसाब से देखें तो यह काम 2001 या अधिक से अधिक 2002 में पूरा किया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

सत्ताएं बदलते ही कई योजनाएं रोक दी जाती हैं और राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। केरल की कोल्लम बाईपास सड़क परियोजना को इसके उदाहरण के रूप में रखा जा सकता है। यह योजना 1972 में शुरू होनी थी, लेकिन नहीं हुई। तकरीबन पचास साल तक यह योजना लटकी रही। यह बात और है कि इस काम को मोदी सरकार ने ही पूरा किया।

प्रधानमंत्री मोदी जब भी कोई नया काम शुरू करते हैं या देश के सामने कोई लक्ष्य रखते हैं, तो वे नया नारा भी गढ़ते हैं। 'देरी विकास का दुश्मन है' इस कड़ी में नया नारा है। देश में ऐसी कई परियोजनाएं मिल जाएंगी, जिन्हें तय वक्त तक पूरा नहीं किया जा सका। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने के लिए घाघरा नदी पर मांझी में एक पुल है। प्रसिद्ध कवि केदारनाथ सिंह ने इस पुल को केंद्र मे रखकर कविता ही रच डाली है। इस पुल का शिलान्यास जनता पार्टी के शासनकाल के राज्य मंत्री चांद राम ने शुरू किया और दशकों तक इसका काम नहीं हो पाया। अरसे बाद यह पुल बनकर तैयार हो पाया। परियोजनाओं में देरी की ऐसी ढेरों कहानियां पूरे देश में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना का भी इसी संदर्भ में उल्लेख किया है। देश की आर्थिक राजधानी के लिए बेहतर और सुगम हवाई सेवा की जरूरत से किसे इनकार हो सकता है। लेकिन नवी मुंबई में हवाई अड्डा बनाने की चर्चा साल 1997 में शुरू हुई। लेकिन उस परियोजना को ठीक दस साल बाद यानी 2007 में मंजूरी मिल पाई। लेकिन राजनीति और नौकरशाही से कोलाज वाले तंत्र की वजह से इस परियोजना पर ठोस रूप में काम नहीं हो पाया। प्रधानमत्री ने तो सीधे-सीधे इसके लिए इस दौरान केंद्र और महाराष्ट्र में काबिज रही कांग्रेस सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री के अनुसार, कांग्रेस की सरकारों ने इस परियोजना में ना तो दिलचस्पी दिखाई, ना ही कोई कार्रवाई नहीं की। यह बात और है कि मोदी सरकार ने इस परियोजना के कामकाज में तेजी लाने की दिशा आगे बढ़ी है। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह दूसरी योजनाएं तेज गति से तय वक्त या उससे पहले पूरी हुईं, उसी गति और तेजी से नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना भी पूरा होगी।

देश के आर्थिक विकास की नींव नरसिंह राव ने साल 1991 में रखी थी, जिनके सहयोग से तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने उदारीकरण की गति को तेज किया था। देश की आर्थिकी को लाइसेंस राज और लालफीताशाही से दूर किया था। उस बदलाव का असर भी दिखा। लेकिन राजकाज की कमान जिस तंत्र के हाथों में रही, वह पुरानी मानसिकता से ग्रस्त रहा। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद इस मानसिकता को थोड़ी लगाम जरूर लगी है। यह बात और है कि इस मोर्चे पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। 'देरी, विकास का दुश्मन है' के प्रधानमंत्री के नए मंत्र का ही असर कहा जाएगा कि आर्थिक मोर्चे पर तय लक्ष्यों को हासिल करना आसान हुआ। आर्थिक मोर्चे पर बदलाव का ही असर है कि कुछ ही वर्षों में दुनिया की 11वें नंबर से भारतीय अर्थव्यवस्था पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। दुनियाभर की विकास दर को कोरोना की महामारी ने बुरी तरह प्रभावित किया। आज की दुनिया के विकास का ईंधन एक तरह से जैविक ऊर्जा यानी पेट्रोल और डीजल है। अरब देशों के आपसी संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत को पेट्रोलियम आपूर्ति में बाधा न पड़ना, चीन और अमेरिका के बीच जारी व्यापार युद्ध के बावजूद भारत की विकास दर में कमी ना आना, एक तरह के भारत के संकल्प का नतीजा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार


# अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

**ललित गर्ग**

बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषतः किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है। यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्की से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8339



**बाएँ से दाएँ**

1. तमाशा करने वाला-4
4. शेविंग, दाढ़ी बनाना-4
7. बेल, लतिका-2
8. मामला-3
9. स्तर, परत-2
10. भागना (अंग्रेजी-2)
12. गिरवी रखी वस्तु-2
14. सजदे में झुका हुआ-5
15. असंभव-5
17. खुदा की इबादत-3
19. फायदा, लाभ-2
21. क्रिकेट खिलाड़ी युवराज की प्रेमिका-2
23. मुस्लिम, यवनी-3
24. मोल, कीमत-2
25. स्वभाव, आदत-4
26. करतब, करिश्मा-4

**ऊपर से नीचे**

1. शमशीर, कृपाण-4
2. मां, मम्मी-3
3. नीयत, चरित्र-4
4. ज्वरताप-2
5. राय, वोट-2
6. आंदोलन, संग्राम-4
11. क्षारीय, चटपटा-4
13. आशियां, नीड़-4
14. नेत्र, आंखें-3
15. अनभिज्ञ-4
16. बचत, रिआयत-4
18. आवश्यकता-4
20. उन्माद-2
22. वोट-2
24. अस्थमा, श्वास संबंधी रोग-2


### शब्द पहेली -8338 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | जु | हा | र | | नी | | |
| | हा | | नि | | म | र | घ | ट |
| भं | व | र | | म | नो | ज | | क |
| | र | ज | त | | का | | ता | रा |
| म | | नी | ल | क | म | ल | | व |
| हा | ल | | ब | | ना | ह | क | |
| व | | आ | गा | र | | र | वा | ना |
| त | क | रा | र | | रा | | य | |
| | | म | | त | ह | म | द | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**17 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.28 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृष | 07.12 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.10 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.24 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 13.40 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.52 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.02 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.17 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.33 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | मकर | 00.38 बजे से |
| | | कुंभ | 02.25 बजे से |
| | | मीन | 03.57 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 107 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्थी 15.24 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 05.55 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 00.50 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बालव 15.24 बजे तदनन्तर कौलव 00.19 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 10° 29'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872317
**जूलियन दिन** 2460782.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 18

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## यूज इन शॉर्ट



### युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का शहडोल में हुआ स्वागत

शहडोल। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र सिंह अनूपपुर जिले के दौरे पर निकले थे, जिनका शहडोल मुख्यालय में आशीष तिवारी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने का मंत्र दिया।स्वागत कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी,कांग्रेस आईटी सेल के अध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी,हर्ष गौतम, दिलीप द्विवेदी,आशीष द्विवेदी,शिवांशु साहू,आश, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों के खातों में 1552 करोड़ से अधिक की राशि की अंतरित




शहडोल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और सिलेंडल रिफिलिंग योजना की राशि हितग्राहियों के खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में अप्रैल माह की किस्त 1552 करोड़ 38 लाख रूपये अंतरित की। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 23वीं किस्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रूपये की राशि उनके खातों में अंतरित की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की मुख्यमंत्री 25 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 57 करोड़ की राशि भी उनके खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल जिले के कुल 19006 लाडली बहनों हेतु 230544950 रूपये की राषि अंतरित की। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 29172 हितग्राहियों के लिए 17503200 रूपये की राषि अंतरित की। मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आयोजित कार्यक्रम को कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वर्चुअली रूप से सीधा प्रसारण किया गया । इस अवसर महिला बाल अधिकारी मनोज लारोकर सहित योजना के लाभार्थी उपस्थित थें।

### ब्यौहारी के आखेटपुर में लोगों ने उत्साहपूर्वक बोरी बंधान कार्य में किया श्रमदान



ब्यौहारी। आओ बचाएं जल, करे सुरक्षित कल पानी बचाओ कल के लिये पानी की बर्बादी जीवन की बर्बादी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जन भागीदारी, जनप्रतिनिधियों जन अभियान परिषद के सदस्यों, समाजसेवी व अन्य लोगों के सहयोग से जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्धार, नदी नालों की सफाई, बोरी बंधान तालाबों का गहरीकरण जैसे अन्य कार्य निरंतर किये जा रहे है। शहडोल जिले के जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम आखेटपुर में पानी की एक-एक बूंद सहजेने के लिए, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी सहित अन्य लोगों द्वारा बोरी बंधान एवं नदी नाला सफाई कार्य में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए श्रमदान किया तथा जल संरक्षण का संदेश दिया। श्रमदान कार्य में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, जनपद सदस्य अरविंद पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय सिंह, जन अभियान परिषद के सदस्य हीरालाल साहू, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, स्व-सहायता समूह की महिलाएं सहित अन्य लोगों ने सहभागिता निभाई।

### मिशन परिवार विकास पखवाडा रैली व कार्यशाला सम्पन्न



शहडोल । राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत परिवार नियोजन की सेवाओं के प्रति जागरूकता हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में रैली निकाली गई एवं कार्यषाला का आयोजन किया गया। इस अवसर स्वास्थ्य अधिकारी-2 डॉ. एसडी कंवर, डीटीओ डॉ. वाई पासवान, डीपीएचएन श्रीमती वंदना डोंगरे सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## तहसीलदार ने धरना स्थल पहुंचकर अतिक्रमण हटाने का अनशनकारियों को दिया आश्वासन

# अंततः चपरा परिवार का अतिक्रमण हटाने राजी हुआ जिला प्रशासन

**विजय मत, शहडोल।**

किरण स्ट्रीट नवदुर्गा उत्सव समिति के सदस्य एवं आम नागरिकों द्वारा शासकीय नजूल भूमि एवं पौराणिक बावड़ी में चपरा परिवार द्वारा किए जा रहे अवैध अतिक्रमण के विरोध में पिछले 12 दिनों से चल रहा क्रमिक अनशन जिला प्रशासन की तरफ से सोहागपुर तहसीलदार दिव्या सिंह द्वारा धरना स्थल पहुंचकर अतिक्रमण जल्द हटाए जाने के आश्वासन के बाद अंतिम दौर पर पहुंच गया है किंतु अभी समाप्त नहीं हुआ है।

तहसीलदार दिव्या सिंह ने अनशनकारियों से बातचीत एवं कलेक्टर कमिश्नर से इस पूरे मामले में मार्गदर्शन प्राप्त करने के पश्चात बताया कि राजस्व एवं नजूल विभाग के अमले द्वारा तीन-चार दिनों तक लगातार नाप जोख एवं सीमांकन के कार्य के पश्चात प्रशासन इस नतीजे पर पहुंचा है कि चपरा परिवार द्वारा शासकीय एवं सार्वजनिक नजूल की भूमि पर अतिक्रमण किया गया है जिसे जल्द ही हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमांकन रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अतिक्रमण हटाने की समय सीमा के संबंध में तहसीलदार ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों से विचार विमर्श के बाद वे जानकारी देंगी।

### निष्पक्ष सीमांकन हुआ

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने कहां की कर्तव्यनिष्ठ कलेक्टर के निर्देशन पर तहसीलदार और उनकी राजस्व की टीम द्वारा निष्पक्ष सीमांकन किया गया है। जहां सभी नागरिक भी मौजूद थे और उसी का परिणाम है कि आज तहसीलदार ने






अतिक्रमण हटाने का वादा किया है। इस मौके पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार तथा बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### पौराणिक बावली को पुराने स्वरूप में लाकर पुनरुद्धार किया जाए

अनशनकारियों की तरफ से धर्मेंद्र श्रीवास्तव टिक्कू ने तहसीलदार से कहा कि अपर आयुक्त शहडोल संभाग द्वारा वर्ष 2014 में दिए गए आदेश का क्रियान्वयन कराया जाकर ग्राम भुईबांध खसरा नंबर 72 में स्थित सार्वजनिक मैदान को नजूल शासकीय भूमि दर्ज कराया जाकर अवैध अतिक्रमण हटाया जाए। इसके साथ ही पौराणिक बावली को उसके पुराने स्वरूप में लाकर शासन की मनसा अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुनरुद्धार कराया जाए।

इस अवसर पर समाजसेवी रंजीत बसाक अधिवक्ता शिवेंद्र प्रताप सिंह एवं अमृतलाल चौधरी राजेंद्र रजक दिनेश सिंह पियूष सोनी अमित रजक अनिल विनोद शर्मा प्रदीप सोनी अनीता गुप्ता माधुरी गुप्ता लारा गुप्ता रेनू गुप्ता नेहा गुप्ता सरोज यादव निरसिया यादव पूजा लहू रानी सुनीता गुप्ता गीता गुप्ता मुकेश गुप्ता धर्मेंद्र यादव जलालुद्दीन मंजा सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

### हाई प्रोफाइल इस मामले में जिला प्रशासन ने दिखाई निष्पक्षिता

भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा का नाम इस प्रकरण में शुरू से जुड़ा हुआ था इसलिए जिला प्रशासन इस मामले को हाई प्रोफाइल अप्रत्यक्ष रूप से मान रहा था। यह बात अलग है कि श्रीमती अमिता चपरा ने यह कहकर अपने आप को इस प्रकरण से अलग कर लिया था कि उनका इस मामले से कोई लेना देना नहीं है और न हीं यह उनके परिवार से जुड़ा हुआ मामला है। उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। परंतु अनशनकारी लगातार यह आरोप लगाते रहे हैं कि यह पूरा मामला भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा से जुड़ा हुआ है और उनके परिवार के द्वारा ही सार्वजनिक एवं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। यही कारण है कि जिला प्रशासन भी शुरुआती दिनों में असमंजस की स्थिति में दिखाई दे रहा था क्योंकि यह प्रकरण सत्ता शासन से जुड़ा हुआ दिखाई दे रहा था। किंतु बाद में कलेक्टर के आदेश से तहसीलदार को भेजकर जमीन का सीमांकन और नाप जोख कराई गई जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। इस पूरे मामले में जिला प्रशासन की भूमिका निष्पक्ष दिखाई दे रही है।

**विजय मत खबर का असर शहडोल**

### विजय मत की निष्पक्ष रिपोर्टिंग की हुई सराहना

वैसे तो इस पूरे प्रकरण की रिपोर्टिंग कई समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक चैनलों द्वारा की गई परंतु जिस तरह से दैनिक विजय मत द्वारा लगातार जन सरोकार से जुड़े इस मामले की रिपोर्टिंग की जाकर पूरी निष्पक्षता से खबरें प्रकाशित की गई उसके कारण जिला प्रशासन को मजबूर होकर निष्पक्ष कार्रवाई करनी पड़ी। यह बात दैनिक विजय मत स्वयं नहीं कह रहा है बल्कि धरना में बैठे वरिष्ठ समाजसेवी रंजीत बसाक वरिष्ठ नागरिक राजेंद्र रजक और पूरे आंदोलन को नेतृत्व दे रहे धर्मेंद्र श्रीवास्तव टिक्कू अधिवक्ता शिवेंद्र प्रताप सिंह तथा जिलाअधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष संदीप तिवारी द्वारा यह बात कही गई है।

# विश्वविद्यालय में छात्रों ने शुरू की एक्वेरियम परामर्श सेवा

**विजय मत, शहडोल।**

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल के मत्स्य विज्ञान विभाग के छात्रों ने एक अभिनव पहल करते हुए 'एक्वेरियम परामर्श सेवा' की शुरुआत की है। यह सेवा मत्स्य विभागाध्यक्ष प्रो. अमित निगम के सहयोग एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. वंदना राम के मार्गदर्शन में आरंभ की गई है। इस पहल का उद्देश्य सजावटी मछलियों, जल पौधों, एक्वेरियम की स्थापना एवं रखरखाव, जलजीव औषधियों और संबंधित उपकरणों के विषय में विशेषज्ञ सलाह और सहायता प्रदान करना है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामशंकर ने स्वयं जलीय पौधे को खरीदकर इस सेवा की औपचारिक



शुरुआत की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की फैकल्टी डॉ. चेतना सिंह एवं डॉ. स्वाति पाण्डेय ने भी जल पौधे खरीदे और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. शिवानी शर्मा, राजपाल पाटले, शिवम् कुमार भट्ट तथा विभाग के कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

छात्रों को मिलेगा व्यावहारिक प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर

यह अनोखी पहल छात्रों के शैक्षणिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे वास्तविक जीवन स्थितियों में कार्य करने का अनुभव प्राप्त करेंगे। साथ ही, यह सेवा स्थानीय स्तर पर जलीय जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन को प्रोत्साहित करेगी।

डॉ. वंदना राम ने जानकारी देते हुए बताया, ÷यह सेवा न केवल छात्रों को उद्यमिता की ओर प्रेरित करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाएगी। इसके माध्यम से छात्र विभिन्न घरों, कार्यालयों और व्यावसायिक परिसरों में एक सुंदर, टिकाऊ और स्वस्थ जलीय वातावरण के निर्माण में सहायता कर सकेंगे।

### अपर कलेक्टर ने बालक छात्रावास विचारपुर का किया निरीक्षण



शहडोल। अपर कलेक्टर सरोधन सिंह ने संभागीय मुख्यालय शहडोल के छात्रावास विचारपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने कहा कि बालक छात्रावास में रह रहे बालको को निर्धारित मीनू के अनुसार नाश्ता, भोजन उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता बेहतर हो यह भी सुनिश्चित करें। साथ ही अपर कलेक्टर ने बालक छात्रावास के किचेन कक्ष का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता परखी।

## पति ने पत्नी का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर किया वायरल

**विजय मत, शहडोल।**

शहडोल जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक पति द्वारा अपनी पत्नी का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। यह घटना तब प्रकाश में आई जब पत्नी ने पति की इस हरकत का विरोध किया, जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ मारपीट की।

पुलिस ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद दो वर्षों से जारी था, जिसके चलते पत्नी अपने मायके में रह रही थी। हाल ही में, पति ने पत्नी को वीडियो कॉल किया और उसे एक शर्त पर मानने को कहा - जो मैं कहूंगा, तुम्हें करना होगा। उसके बाद मैं तुम्हें अपने घर ले चलूंगा। जब पत्नी ने इस पर सहमति जताई, तो पति ने उसका वीडियो कॉल पर एक आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

जैतपुर थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाड़ के अनुसार, महिला को जब इस बात का पता चला तो उसने तुरंत अपने पति के घर जाकर आपत्ति जताई। आरोपी पति ने इस पर महिला के साथ मारपीट की। महिला के दो बच्चे हैं, 2016 में विवाह हुआ था। दो साल पहले ही पति पत्नी का विवाद हुआ था। इसको लेकर पत्नी दो सालों से मायके में रह रही थी।महिला ने घटना के बाद तुरंत थाने जाकर पुलिस से शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इस मामले में कई धाराओं के तहत आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। महिला ने कहा, मैंने अपने पति पर भरोसा किया था, लेकिन उसने मेरी गरिमा को ठेस पहुंचाई। मैं न्याय की उम्मीद करती हूं। पुलिस प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## जल अमूल्य है, इसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी- कलेक्टर

**विजय मत, शहडोल।**

जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. केदार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियों की उपस्थिति में शहडोल जिले के जनपद पंचायत पड़मनिया खुर्द में लोगों को पानी की एक-एक बूंद सहजेने एवं जल का महत्व बताने के लिए जन चौपाल लगाई गई। जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जल के बीना जीवन संभव नही है, जल अमूल्य है, इसे बचाने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा, जल को बचाने के लिए केवल एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नही बल्कि हम सभी कि जिम्मेदारी है कि आने वाले पीढ़ियों के लिए पानी का संचयन करें। उन्होंने कहा कि ग्राम



### ग्राम पंचायत पड़मनिया में लगाई गई जन चौपाल और बताया गया एक-एक बूंद पानी का महत्व

पड़मनिया खुर्द जो कि एक आदर्श ग्राम के रूप में चयनित है ग्रामवासियों का यह प्रयास होना चहिए कि यह ग्राम के आस-पास के गांवों के लिए यह ग्राम रोल मॉडल बने, आपसी भाईचारा इतना हो कि इस ग्राम में न तो विवाद हो और न ही कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित रहें। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेते हुए शत-प्रतिशत शिक्षित ग्राम बने ऐसा ग्रामवासियों को प्रयास करना चाहिए तथा जिला प्रषासन द्वारा ग्राम के विकास के लिए निरंतर सहयोग प्रदान किया जाएगा। जन चौपाल को प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने भी सम्बोंधित कर वर्षा के जल को संचयन करने एवं जल का महत्व बताया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती कमलेशिया बैगा, उपसरपंच अनिल साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेष मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, उपसंचालक कृषि आर पी झारिया, नायब तहसीलदार श्री राजकुमार कोल, जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह, ममता सोनी, राहुल द्विवेदी उपयंत्री सुभाष भारती,पटवारी श्रीमती पुष्पा पटेल, श्रीमती राजकुमारी सिंह,सचिव हेमराज बैगा, ग्राम रोजगार सहायक शशिकांत द्विवेदी, रामभजन गुप्ता, धनीराम चौरसिया,मुरलीप्रसाद साहू, गिरधारी लाल नापित,बाबूलाल गुप्ता, अनिरुद्ध शर्मा,संजय नापित, विक्रेता अजय गुप्ता,सुब्रत द्विवेदी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के साथ एमएसडब्लू,बीएसडब्लू के छात्र एवं काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

### ट्रैक्टर-ट्राली में लगी आग, गेहूं की फसल जलकर राख

शहडोल। जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र के चौरी गांव में एक किसान की गेहूं की फसल में आग लग गई। किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में अपनी फसल को गहाई के लिए ले जा रहा था, इस दौरान अचानक आग लग गई। इससे किसान को हजारों रुपए का नुकसान हुआ और उसकी मेहनत कुछ पल में ही जलकर राख हो गई।पुलिस के अनुसार, घटना बुधवार दोपहर एक बजे की है, जब किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदी गेहूं की फसल को गहाई के लिए ले जा रहा था। रास्ते में ट्रॉली में लदी फसल बिजली के तार से टकरा गई। इससे तार टूट गया और शॉर्ट सर्किट से उठी चिंदारी से फसल में आग लग गई। आग लगते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रैक्टर से ट्रॉली को अलग करने की कोशिश की, आसपास लगे बोरवेल से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। दमकल वाहन को भी सूचना दी गई, लेकि जब तक दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया।

**प्रदर्शन**

## सोनिया, राहुल के विरूद्ध ईडी की कार्यवाही के विरोध में राष्ट्रपति को भेजा गया ज्ञापन

# कांग्रेस ने किया आयकर आफिस का घेराव

**विजय मत, शहडोल।**

जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व मे जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल ने सरकार द्वारा, ईडी की दुर्भावनापूर्ण कार्यवाई के विरोध मे न्याय और लोकतंत्र की रक्षा हेतु शहडोल जिला आयकर विभाग का घेराव कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन मे मांग की गई कि,आज जब भारत 75 वर्षों से अधिक पुराने लोकतंत्र की विरासत का दावा करता है, तब देश के भीतर एक खतरनाक प्रवृत्ति लगातार गहराती जा रही है, केंद्र सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग की। विशेष रूप से विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर बदले की भावना से की जा रही कार्रवाई, लोकतंत्र की आत्मा को निरंतर घायल कर रही है।

हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी और



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय ( श्वष्ठ) द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया है। यह न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि स्पष्ट रूप से यह केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की संकीर्ण मानसिकता का भी प्रतीक है।

जिस परिवार ने इस देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया, जिनके अपने बलिदान हुए, उस गांधी-नेहरू परिवार को केंद्र की सता में बैठी भाजपा सरकार बार-बार अपमानित करने का असफल प्रयास कर रही है। 2014 से लगातार यह देखा जा रहा है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी एजेंसियों का मनमाना उपयोग किया जा रहा है। इससे यह स्पष्ट है कि यह एक राजनीतिक हथियार के रूप में एजेंसियों को प्रयोग करने की रणनीति है।

ज्ञापन में कहा गया है कि आप भारत के संविधान के संरक्षक हैं, इस गंभीर प्रकरण में स्वतः संज्ञान लें और केंद्र सरकार से जवाब तलब करें कि बिना किसी मूल शिकायत के किस आधार पर वर्षों पुराने प्रकरण को पुनः खोलकर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है?

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, महिला जिलाध्यक्ष संध्या सिंह, सोशलमीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक बजाज, ओबीसी जिलाध्यक्ष सत्यनारायण साहू, पार्षद हीरालाल प्रजापति,वरुण पाल, राम निहोर राव, दलप्रताप सिंह, प्रेमधारी सिंह, सूरज पयासी, अश्रुत मिर्जा, आशीष पटेल, अशोक तिवारी,रमेश विश्वकर्मा, प्रकाश दुबे, भैय्यालाल गुप्ता, शोभराज नागपाल, आशीष द्विवेदी,शिवांशु साहू,महेंद्र यादव,कृष्ण सिंह,अमित साहू, विद्याषीस बैगा आदि काँग्रेसजन उपस्थित रहे।

## न्यूज इन शॉर्ट



### रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर वाहन जब्त, मामला दर्ज

अनूपपुर। फुनगा चौकी और भालूमाड़ा पुलिसने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर वाहन को जब्त किया है। जहां ट्रैक्टर चालक और मालिक के खिलाफ धारा 303(2), 317(5)बीएनएस एवं 4/21 खान खनिज अधिनियम एवं धारा 130/177(3), 52/192 एमवी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया है। बताया जाता है कि 14 अप्रैल मुखबिर से सूचना मिली कि बिना नम्बर की ट्रैक्टर गोडारु नदी से रेत लोड कर ग्राम कोलमी तरफ आ रहा है। मुखबिर के बताए स्थान पर जाकर देखा तो ट्रैक्टर मय ट्रॉली आता दिखाई दिया, जहां रोकवाते हुए ड्राईवर का नाम पता पूछने पर अपना नाम शारदा गौतम पिता रामबदन गौतम उम्र 28 वर्ष निवासी कोलमी चौकी फुनगा बताया। ट्रैक्टर मालिक का नाम राकेश उपाध्याय निवासी कोलमी के कहने पर गोडारु नदी से रेत चोरी कर कोलमी में बिक्री करने के लिए ले जाना और लोड रेत के दस्तावेज न होना बताया। ट्राली में करीबन 03 घन मीटर रेत खनिज लोड किया था। पुलिस ने वाहन को जब्त करते हुए चालक और मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चोरी का रेत करीबन 3 घनमीटर कीमत 5 हजार रुपए व ट्रैक्टर मय ट्रॉली कीमत 7 लाख कुल 705000 का मशरूका जब्त किया है।

### बाड़ी में आग से किसान का पैरा हुआ खाक



कोतमा। गर्मी का तापमान बढ़ते ही आगजनी की घटनाएं भी तेजी से बढने लगी है। बुधवार को थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव में रहने वाले कृषक नरेंद्र साहू के घर की बाड़ी में अचानक आग लगने से 3 गाड़ी पैरा जलकर खाक हो गया। आग लगते ही आस पास के घरों के लोगों में हडक़ंप मच गया। गर्मी एवं तेज हवाओं के कारण आग ने जल्दी ही पैरा को जला दिया। आग से लगभग 10 हजार के नुकसान होने का अनुमान बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मदद से 1 घंटे तक पंप एवं घरों से पानी लाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि अचानक पीछे तरफ से आग लगना शुरू हुआ था। लोगों द्वारा आसपास के हैंड पंप व घरों से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस में की गई है। घटनास्थल पहुंच आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### घर से बिना सूचना लापता हुई महिला को पुलिस ने किया दस्तयाब

अनूपपुर। भालूमाड़ा पुलिस ने तीन दिन पूर्व बिना सूचना घर से लापता हुई महिला को भालूमाड़ा पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी संजय खलको ने बताया कि 13 अप्रैल को सूचनाकर्ता नोहर यादव पिता सुनई यादव निवासी वार्ड नम्बर 13 संतोषी दफाई भालूमाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 अप्रैल की रात्रि करीब 8 बजे मैं सुभाष चन्द्र गुप्ता के घर गाय लगाने गया हुआ था, मेरी पत्नी पूजा यादव व दो बच्चे घर पर टीवी देख रहे थे। उसी बीच मेरी पत्नी पूजा यादव बिना बताए घर से कही चली गई है। रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम कर पता तलाश की गई। जिसमें 15 अप्रैल को गुमशुदा पूजा यादव को उसके मायके ग्राम खोडरी थाना रामनगर में दस्तयाब किया गया व उसके पति नोहर यादव को सुपुर्द किया गया है।

**सड़क हादसे के बाद सवालों के घेरे में कोतमा पुलिस, प्रभारी नहीं दे रहे स्पष्ट जवाब, परिजन बोले- जान की कोई कीमत नहीं?**

# पिपरिया गांव में वृद्ध की मौत, कार पहुंची कोतमा शोरूम, कार्रवाई में पुलिस की मनमानी

**विजय मत, कोतमा।**

कोतमा थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव में हुए एक दर्दनाक सडक़ हादसे के बाद कोतमा पुलिस की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैए को लेकर आमजन में भारी आक्रोश है। 55 वर्षीय लखन सिंह निवासी पिपरिया कार की टक्कर से हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के 48 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस न तो आरोपी तक पहुंच पाई है और ना ही घटना को लेकर यह स्पष्ट कर पाई कि कार चला कौन रहा था? यहां सबसे आश्चर्य की बात यह है कि पिपरिया की घटना के उपरांत कार कोतमा के शोरूम पहुंच गई। बताया जाता है कि घटना के बाद जो कार एमपी 01 सीएल 6830 खेत में पलटी हुई पाई गई थी, उसे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा शोरूम में छोडक़र चला गया। यहां भी विचारणीय बात यह है कि शोरूम में कोई भी व्यक्ति कार नहीं अंदर ला सकता। यहां तो सिर्फ सेल के लिए वाहनों को रखा जाता है। लेकिन पुलिस को यह भी नहीं पता कि वह कौन था, शोरूम में वाहन कैसी पहुंची? यह स्थिति पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी भी मीडिया को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके।







### सिर पर गहरी चोट, स्वास्थ्य केन्द्र लाने से पहले हो चुकी थी मौत

सीएचसी कोतमा में प्राथमिक उपचार के बाद जब घायल लखन सिंह को जिला अस्पताल अनूपपुर रेफर किया गया, तब तक उनकी हालत बेहद नाजुक थी। डॉ. बेबी नाज़े ने बताया कि व्यक्ति की मौत सिर में गहरी चोट के कारण पहले ही हो चुकी थी। इसके बाद परिजनों का नाराज होना लाजमी था, मृतक के भतीजे ने बताया कि हमें पुलिस से सिर्फ आश्वासन मिल रहे हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। अगर पुलिस की मंशा साफ होती तो अब तक आरोपी को पकड़ लेती। वहीं परिजनों का आरोप है कि कार को शोरूम में छिपाकर रखने से यह साबित करने की कोशिश की जा रही है कि मामला सामान्य है, जबकि हकीकत में एक निर्दोष की जान गई है।

### नागरिकों ने पूछा सवाल क्यों बचाई जा रही है मालिक की पहचान?

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि पुलिस या तो जानबूझकर आरोपी को बचा रही है या फिर मामले में प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता के कारण इसे छिपा रही है। सवाल यह है कि शोरूम में रखी कार की जानकारी पुलिस को कैसे नहीं है? सीसीटीवी क्यों नहीं खंगाले गए? क्या एक आम जन के जान की कीमत कुछ नहीं, यहां पुलिस अपनी जिम्मेदारियों से क्यों भाग रही है। अगर पुलिस का यही रवैया रहा तो आमजनों से पुलिस का विश्वास उठ जाएगा?

### इनका कहना है

अस्पताल से अभी मार्ग डायरी नहीं आई है जानकारी मिली थी कि दुर्घटना ग्रसित कार शोरूम में रखी हुई है ,जहां से कार को जब्त कर लाया गया है। कार कौन चला रहा था शोरूम में कार किसने छोड़ा इसकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी

**सुंद्रेश सिंह मरावी,**
**थाना प्रभारी कोतमा**

## हाथियों ने आठ घरों में मचाया उत्पात, भय से सहमे ग्रामीण

**डालाडीह से पुन :जैतहरी के गोबरी के जंगल पहुंचे तीनों हाथी, वनअमला कर रहा निगरानी**

**विजय मत, अनूपपुर।**

अनूपपुर जिले में हाथियों का विचरण ग्रामीणों के लिए तबाही का मंजर बनता जा रहा है, जहां हाथियों द्वारा आए दिन किसी ने किसी गरीब किसान के अशियाने को एक झटके में धराशायी किया जा रहा है। यही नहीं हाथियों द्वारा उन टूटे दीवारों के अंदर प्रवेश कर अंदर रखे महीनों के राशन को चंद मिनटों में चट कर उन्हें आगामी दिनों के लिए भूखा छोड़ जाते हैं। मंगलवार-बुधवार को भी तीनों हाथियों ने 8 ग्रामीणों के अशियाने को उजाड़ दिया है। जिसके कारण ग्रामीण भय के साए में जीवनयापन करने को विवश है। सबसे बड़ी लाचारी उनके साथ यह है कि वे जंगल छोडक़र कहीं जा नहीं सकते? यह अलग बात है कि राजस्व विभाग के सर्वेक्षण में जिला प्रशासन द्वारा उन्हें मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा, लेकिन तब तक उन गरीब किसानों या आदिवासी परिवारों के पेट की भराई, परिवार का भरण पोषण और छत के अशियाने के लिए महीनों तरसना पड़ेगा। हाथियों द्वारा पहुंचाए जा रहे नुकसान मिलने वाले आर्थिक मुआवजे से कहीं अधिक है, बावजूद प्रशासनिक या वनविभाग स्तर पर हाथियों को ग्रामीण इलाकों से दूर ले जाने कोई रणनीति नहीं बनाया जा रहा है। वहीं हाथियों के साथ ग्रामीणों की सुरक्षा में राजस्व अमले के साथ वनविभाग और पुलिस अमला निगरानी कर रहा है।





दो दिनों में आठ घरों को नुकसान, फिर पहुंचे गोबरी के जंगल

वनविभाग की जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ की सीमा लांघकर वनमंडल अनूपपुर के जैतहरी वनपरिक्षेत्र में प्रवेश किए तीनों हाथी पिछले तीन सप्ताह से कई दर्जन गांवों में प्रवेश कर आसपास के जंगल में विचरण कर रहे हैं। जिसमें दो दिनों के मध्य जंगल से लगे ग्रामीण अंचलों में 8 ग्रामीणों के मकानो में तोडफ़ोड़ कर अनाज खाने बाद बुधवार की सुबह फिर से गोबरी बीट के जंगल में पहुंच गए है। जहां वे तीनों हाथी विश्राम कर रहे हैं। हाथियों के अचानक आ जाने के डर से कई गांव के ग्रामीण रात-रात भर जाग कर रात गुजार रहे हैं। इससे पूर्व ये तीनों हाथी अनूपपुर वन परिक्षेत्र के औढेरा बीट अंतर्गत जंगल में ठहरे थे। जहां सोमवार की रात राजेंद्रग्राम के पटना बीट एवं ग्राम पंचायत अंतर्गत बधार गांव के छुलहा टोला में पहुंचे थे। यहां ग्रामीणों के घर को नुकसान पहुंचाया था। मंगलवार की रात डालाडीह के कछराटोला में पहुंचकर ग्रामीणों के घरों को नुकसान पहुंचाते हुए बुधवार की सुबह ग्राम पंचायत एवं वन बीट गोबरी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं।

### कोतवाली पुलिस ने 5 फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

अनूपपुर। कोतवाली पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे 5 फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। 15 अप्रैल को कोतवाली थाना प्रभारी अरविन्द जैन के नेतृत्व में न्यायालय पारूल जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनूरपुर के प्रकरण क्रमांक 1131/19 धारा 294,323,506,324 के स्थायी वारंटी नरबहू बैगा पिता शिकारी बैगा उम्र 44 वर्ष निवासी धनपुरी, न्यायालय चैनवती ताराम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूपपुर के प्रकरण 13/18 धारा 294,323,341,34 के स्थायी वारंटी जगनारायण उर्फ जम्मू पिता स्व. रजलू यादव उम्र 30 वर्ष निवासी छुलकारी, प्रकरण 1199/22 धारा 294,323,506 के स्थायी वारंटी लालजी कोल पिता छक्केलाल कोल उम्र 27 वर्ष निवासी बहेराटोला चटुआ को गिरफ्तार किया गया है। वहीं न्यायालय चैनवती ताराम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूपपुर के प्रकरण 66/24धारा 341,294,323,325 के गिरफ्तारी वारंटी तेजलाल कोल पिता रामसहाय कोल उम्र 30 वर्ष निवासी तिपानखोली बर्री, न्यायालय पीसी गुप्ता विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम न्यायालय अनूपपुर के प्रकरण क्रमांक 57/24 धारा 296132,221,351(3)बीएनएस,3(1)द, 3(1)घ, 3(2)(1ड्ड)एससी एसटीएक्ट के गिरफ्तार वारंटी अजय कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. बद्रीप्रसाद श्रीवास्तव उम्र 47 वर्ष निवासी वार्ड न. 13 पुरानी बस्ती अनूपपुर को गिरफ्तार किया गया है।

### दो वारंटी हुये गिरफ्तार

अनूपपुर। बिजुरी थाना ने मंगलवार की रात कॉबिंग गस्त में लंबे समय से फरार चल रहे 2 गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात पुलिस की अलग अलग टीम ने कांबिंग गस्त के दौरान फरार चल रहे 2 वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

### सट्टा पर्ची काट कर सट्टा खिलवाते सटोरी गिरफ्तार, 550 रुपए नगद जब्त

अनूपपुर। भालूमाड़ा पुलिस ने सट्टा पर्ची काट कर सट्टा खिलवाते सटोरी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 550 रुपए नगद सहित अन्य सामाग्रियां जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 4(क) सट्टा एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया है। थाना प्रभारी संजय खलको ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कस्बा जमुना वार्ड क्रमांक 2 में छापामार कार्रवाई कर आरोपी खेदन लाल नाई पिता स्व. सुकुल नाई उम्र 71 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 02 जमुना कॉलरी को सट्टा पर्ची काट कर सट्टा खिलवाते पकड़ा गया, जिसके कब्जे से नगदी 550 रुपए एवं सट्टा पर्ची व डाट पेन जब्त किया गया।



### नीलकंठ कंपनी ठेका मजदूरों का 1.30 करोड़ रुपए हर महीने कम दे रहा मजदूरी

**विजय मत, कोतमा।**

कोल इंडिया की सह कंपनी एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के आमाडांड़ ओसीपी में नीलकंठ कंपनी द्वारा कोयला एवं ओबी उत्पादन का ठेका लिया गया है। जहां कोल इंडिया कंपनी के नियमों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से कोयला एवं ओबी का उत्पादन किया जा रहा है। इस मनमानी को लेकर कोयला मजदूर सभा द्वारा कई बार जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक को शिकायत कर कार्रवाई की मांग भी की गई है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से कोयला मजदूरों का शोषण लगातार किया जा रहा है। साथ ही कोल इंडिया की कंपनी एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के आमाडाड़ ओसीपी प्रबंधन को भी नुकसान पहुंचा रहा है। कोयला मजदूर सभा के नेता श्रीकांत शुक्ला ने पत्र के माध्यम से शिकायत दर्ज कराया कि नीलकंठ कंपनी के द्वारा कोयला श्रमिकों का सादे कागज में सुपरवाईजर द्वारा नाम लिखकर कुछ कर्मचारियों का हस्ताक्षर कराकर एमटी के ऑफिस में देकर फार्म डी में उपस्थिति दर्ज करवाई जा रही है। जबकि फार्म डी में उपस्थित इन और आउट करवाने के लिए संबंधित कर्मचारियों को खुद उपस्थित होना अनिवार्य है। यहां कुछ श्रमिकों की हाजिरी भी नहीं लगती और ना ही उनका कोई रिकॉर्ड दर्ज किया जा रहा है। कंपनी के सभी कर्मचारियों का फॉर्म ए भरा जाए जिसमें की कर्मचारियों का पूरा विवरण उपलब्ध हो सके।

**लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपए हर महीने मजदूरी कम**

श्रम नेता के अनुसार ठेकेदारी मजदूरों का वीटीसी, पीएमई करवाया जाए, साथ ही पीएफ काटा जाए एवं पीएफ की कॉपी मजदूरों को उपलब्ध करवाया जाए। इसके अलावा मजदूरों का परिचय पत्र बनवाया जाए, जिसमें वीटीसी पीएम ई-फॉर्म ए नंबर एवं पीएफ नंबर दर्शाया जाए। सभी मजदूरों को वेतन पर्ची दिलाया जाए। कोयला मजदूरों एवं उनके आश्रित परिवारों का मेडिकल कार्ड बनवाया जाए एवं कॉलरी हॉस्पिटल में दवाई करवाई जाए, जिसका भुगतान कंपनी के बिल से काटा जाए। ठेका श्रमिकों को हाई पावर कमेटी की सिफारिश के अनुसार भुगतान नहीं दिया जा रहा है जबकि हाई पावर कमेटी की सिफारिश के अनुसार मजदूरों का एचपीसी रेट 90 प्रतिशत कर्मचारियों को नहीं दिया जा रहा है। जबकि एसईसीएल कंपनी से एचपीसी के रेट से नीलकंठ कंपनी भुगतान ले रहा है। इसमें ठेकेदारी कोयला मजदूरों का लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपए हर महीने मजदूरी कम दी जा रही है। मजदूरों का शोषण कर कोल इंडिया कंपनी के मजदूरी नियमों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। प्रबंधन से मांग की गई है कि नियमों की अनदेखी पर रोक लगाते हुए कंपनी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## चार माह बाद भी दोषी अधीक्षक पर नही हुई कार्यवाही

**एसडीएम मझौली की जांच में हुआ था भ्रष्टाचार का खुलासा, मामला आदिवासी बालक छात्रावास मड़वास का**

**विजय मत, सीधी।**

जिले आदिवासी विभाग में बीते कुछ वर्षों से जमकर अराजकता फैली हुई है, शिकायत के बाद भी दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हो रही है। कुछ इसी तरह का मामला मझौली विकासखण्ड अंतर्गत मड़वास में संचालित आदिवासी बालक छात्रावास का सामने आया है जहां जांच प्रतिवेदन के चार माह बाद भी दोषी अधीक्षक के खिलाफ कोई कार्यवाई नहीं हुई।




गौरतलब हो कि जनसुनवाई में मिली शिकायत पर कलेक्टर ने एसडीएम मझौली को इस संबंध की जांच के निर्देश दिये थे। शासकीय बालक आदिवासी छात्रावास मड़वास अधीक्षक के विरूद्ध अभिभावक हरिलाल कोल के द्वारा कलेक्टर की जनसुनवाई में 5 नवम्बर 2024 को आवेदन देकर बताया गया था कि 3 वर्षों से बच्चों को छात्रवृत्ति प्राप्त नही हुई है। अधीक्षक द्वारा बच्चों से अंगूठा लगवाकर पैसा निकाल लिया जाता है और छात्रावास से घर भेज दिया जाता है। अगर बच्चे पुन: छात्रावास पहुंचते हैं तो गाली देकर अधीक्षक द्वारा भगा दिया जाता है। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुये कलेक्टर द्वारा एसडीएम मझौली को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये थे। जिस पर मझौली एसडीएम आरपी त्रिपाठी द्वारा गठित टीम के साथ 6 नवम्बर 2024 को छात्रावास पहुंचे। जांच के दौरान विभागीय जिले की टीम भी वहां मौजूद थी। एसडीएम के द्वारा छात्रावास में मौजूद बच्चों से एक-एक करके पूंछतांछ की गई। बच्चों ने अधीक्षक राघवेन्द्र अहिरवार के ऊपर गंभीर आरोप लगाये। टीम द्वारा छात्र उपस्थित पंजी अप्रैल 2023 तक, कैसबुक पंजी दिनांक 12 जून 2023 तक, आदेश पंजी दिनांक 4 नवम्बर 2024 तक, स्वास्थ्य पंजी दिनांक 20 सितम्बर 2024 तक, दिनांक 10 अप्रैल 2024 तक अद्यतन पंजी वर्तमान अधीक्षक के द्वारा तैयार नहीं किया जाना पाया। वहीं स्थाई सामग्री स्टाक पंजी, अस्थाई सामग्री स्टाक पंजी उपलब्ध नहीं कराया गया। जबकि गाईडलाईन के अनुसार अभिलेख संधारण में घोर लापरवाही पाई गई। उल्लेखनीय हैं कि इसके पूर्व मड़वास तहसीलदार सुषमा रावत ने भी 10 अगस्त 2024 को अचानक छात्रावास पहुंचकर निरीक्षण किया था, उस दौरान भी अधीक्षक के द्वारा कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। उधर कलेक्टर के निर्देश पर की गई जांच का प्रतिवेदन पांच माह पहले देने के बाद भी आज तक दोषी अधीक्षक के खिलाफ कोई कार्यवाई नहीं हुई।

### जांच प्रतिवेदन में दण्डात्मक कार्यवाई का प्रस्ताव

बता दें कि इस मामले को लेकर एसडीएम मझौली द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में कहा गया है कि अधीक्षक राघवेन्द्र अहिरवार द्वारा अपनी पदस्थापना माह अप्रैल के पश्चात जारी गाइडलाईन के अनुसार अभिलेखों का संधारण नहीं किया गया। वहीं समय-समय पर प्राप्त धनराशि स्वयं के द्वारा आहरित कर अभिलेख संधारित नहीं करने से गंभीर वित्तीय अनियमितता एवं आपराधिक कृत्य किया गया है। प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर अधीक्षक को हटाकर विभागीय जांच संस्थित कर दण्डात्मक कार्यवाई किया जाना प्रस्तावित है। लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है, ऐसे में अब विभाग पर ही सवालिया निशान खड़ा होने लगा है।

HINDUSTAN POWER

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हिंदुस्तान पावर के द्वारा फ्लाई ऐश (राखड़) का किया जा रहा शत प्रतिशत उपयोग

सकरा क्षेत्र | शारदा खदान




हिन्दुस्तान पावर द्वारा निचली भूमि को फ्लाई ऐश (राखड़) से भरने के लाभ

- भू भराव में फ्लाई ऐश (राखड़) का उपयोग कर समतलीकरण करने से अनुपयोगी भूमि को उपयोगी बनाया जाता है।
- भू भराव हेतु फ्लाई ऐश (राखड़) का उपयोग करने से मृदा का संरक्षण होता है जिससे प्राकृतिक संसाधनों की खुदाई कम होती है।
- फ्लाई ऐश (राखड़) द्वारा समतलीकरण की गई भूमि को खेल के मैदान, चारागाह, व हरित पट्टिका एवं अन्य उपयोग में किया जाता है।
- फ्लाई ऐश (राखड़) से भू भराव पश्चात समतलीकरण की गई भूमि को भवन निर्माण के लिए उपयोग किया जाता है।
- गड्ढे की भूमि को फ्लाई ऐश (राखड़) भराव कर समतलीकरण कर देने से उसमें होने वाले जान माल का खतरा टल जाता है।

ज्ञात हो कि कंपनी के द्वारा आज दिनांक तक लगभग 100 एकड़ से अधिक अनुपयोगी भूमि को उपयोगी बनाया गया है।

1/1

## वानखेड़े स्टेडियम में रोहित, वाडेकर और पवार के नाम पर होंगे स्टैंड: एमसीए




**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने कहा है कि यहां के वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टेस्ट और एकदिवसीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान अजीत वाडेकर और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड बनेंगे। एमसीए की सलाना बैठक में ये फैसला किया गया। पारित प्रस्ताव के अनुसार, दिवेचा पवेलियन के तीसरे तल्ले को अब रोहित शर्मा स्टैंड के नाम से जाना जाएगा, ग्रैंड स्टैंड के तीसरे तल्ले का नाम पूर्व आईसीसी चेयरमैन पवार के नाम पर रखा जाएगा और ग्रैंड स्टैंड चौथे तल्ले का नाम वाडेकर के नाम पर रखा जाएगा। गौरतब है कि वाडेकर ने 1966 से 1974 तक 37 टेस्ट और दो एकदिवसीय खेले थे। उन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड में भारत को सीरीज में ऐतिहासिक जीत दिलाई। अगस्त 2018 में 77 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि स्टैंड का नाम रखना हमारे क्रिकेट के स्तंभों के प्रति सम्मान दिखाना है।

## चहल ने कंधे में चोट के बाद भी बदल दिया मैच: पोंटिंग



**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुकाबले में युजवेन्द्र चहल ने कंधे में चोट के बाद भी जोखिम लेकर जबरदस्त गेंदबाजी की। इस मैच में पंजाब की टीम 112 रनों के छोटे से लक्ष्य का बचाव कर रही थी। पोंटिंग ने कहा कि इतने छोटे से लक्ष्य का बचाव आसान नहीं था पर चहल कुछ अलग ही सोचकर आये थे। उन्होंने गेंदबाजी करते हुए अपना सबसे अच्छा स्पैल फेंका। पोंटिंग ने कहा कि मैच से पहले चहल का फिटनेस टेस्ट होना था। पिछले गेम में उसे कंधे में चोट लग गई थी और मैंने उसे वार्म-अप करने के लिए कहा। मैंने उससे पूछा कि तुम ठीक हो? तो उसने कहा कोच मैं 100 फीसदी सही हूं, मुझे खेलने दो।

## ऋषभ को स्ट्राइक रोटेशन में सुधार करना होगा: जाफर

**मुम्बई, एजेंसी**



पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर ने लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत से कहा है कि उन्हें हर मामले में बेहतर होना होगा। ऋषभ आईपीएल के शुरुआती मैचों में असफल रहे थे पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले में 63 रन बनाकर उन्होंने अच्छी वापसी की है पर जाफर ने कहा कि उन्हें स्ट्राइक रोटेशन में भी सुधार करना होगा। जाफर ने ऋषभ की बड़े शॉट लगाने के रवैये पर भी बात की। उन्होंने सुझाव दिया कि कप्तान को अपने स्ट्राइक रोटेशन कौशल में सुधार करने की जरूरत है। जाफर ने कहा, मुझे नहीं पता कि वह ऐसा करने की कोशिश करता है या नहीं (स्ट्राइक रोटेट करना) उसी प्रकार चाहिये जिस प्रकार विराट कोहली करते हैं। वह स्ट्राइक से बहुत अच्छी तरह से दूर हो जाता है, क्योंकि वह हर तरफ खेल सकता है पर ऋषभपंत कभी-कभी अटक जाता है और यही समस्या है। फिर वह बड़ा शॉट लगाने की कोशिश करता है। मुझे लगता है कि उसे स्ट्राइक रोटेट करने में भी होनो होगा है।

उन्होंने यह भी बताया कि वह शायद ही कभी सीधे हिट करते हैं, बल्कि लेग साइड की तरफ शॉट खेलना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पारी के अंत में एकमात्र सीधा छक्का लगाया और विकेटकीपर बल्लेबाज की लेग साइड की ओर शॉट लगाने की प्रवृत्ति को बताया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह कभी भी सीधे हिट करने के प्रयास नहीं करता, वह हमेशा लेग साइड, स्क्वायर लेग, काउ कॉर्नर की ओर जाता है। उसने सीएसके के खिलाफ अंत में एक सीधा छक्का लगाया। अन्यथा, पारी की शुरुआत में, वह हमेशा लेग साइड की ओर जाने की कोशिश करता था।

**फुटबॉल**



ब्रिटेन में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में एस्टन विला के इजरी कोनसा गोल करते हुए।

## आईपीएल मुम्बई और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला आज

**मुंबई, एजेंसी**




मुंबई इंडियंस की टीम गुरुवार को अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। मुम्बई को अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा जिससे उसका पलड़ा भारी नजर आता है। वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल रही है, लेकिन गेंदबाज भी इससे मिलने वाली उछाल का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। मुम्बई को जीत के लिए सनराइजर्स के बल्लेबाजों को बड़े स्कोर बनाने से रोकना होगा। टीम इस मैच में अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी पिछले मैच में बुमराह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये थे। बुमराह की गेंदों पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में काफी रन बने। ऐसे में सनराइजर्स के आक्रामक बल्लेबाज ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन उनपर बड़े शॉट लगाने का पूरा प्रयास करेंगे।

मुंबई की परेशानी अपने स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा का फार्म में नहीं होना भी है। रोहित अभी तक पांच मैचों में एक बार भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाये। वह अब तक केवल 56 रन बना पाए हैं। इससे मुंबई की टीम का प्रदर्शन भी खराब रहा है और वह अभी तक केवल दो मैच जीत जीत कर अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

मुंबई इंडियंस की की बल्लेबाजी अभी तक इस सत्र में सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा पर ही आधारित रही है पर अगर टीम को जीत दर्ज करनी है तो अन्य बल्लेबाजों को भी रन बनाने होंगे। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स की टीम भी अच्छी स्थिति में नहीं है।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस -** हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, रियान रिकेल्टन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, विल जैक, तिलक वर्मा, , नमन धीर, जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, मिचेल सेंटनर, कर्ण शर्मा।

**सनराइजर्स हैदराबाद-** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन, नीतीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, जीशान अंसारी, एहसान मलिंगा।

## बीसीसीआई ने बांग्लादेश दौरे के लिए घोषित किया कार्यक्रम

- तीन-तीन मैचों की एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलेगी टीम

**मुम्बई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी बांग्लादेश दौरे के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया है। बोर्ड के अनुसार भारतीय टीम बांग्लादेश दौरे पर 3 एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलेगी। ये मुकाबले मीरपुर और चटगांव में खेले जांएगे। भारतीय टीम पहली बार बांग्लादेश की धरती पर टी20 सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से लौटने के बाद बांग्लादेश का दौरा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी निजाम उद्दीन चौधरी ने कहा, 'यह सीरीज हमारे घरेलू कैलेंडर की सबसे रोमांचक और बहुप्रतीक्षित सीरीज में से एक होगी। भारतीय टीम ने सभी प्रारुपों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष मानक स्थापित किए हैं और दोनों देशों के क्रिकेट प्रेमी इस मुकाबले से उत्साहित रहेंगे।' इससे पहले भारत और बांग्लादेश के बीच अंतिम बार द्विपक्षीय सीरीज सितंबर और अक्टूबर 2024 में भारत में खेली गयी थी। तब भारतीय टीम ने टेस्ट सीरीज और टी20 दोनो में ही सभी मुकाबले जीते थे।

वहीं इस बार बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज से युवा प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। इस सीरीज में उभरते खिलाड़ियों के साथ ही उन खिलाड़ियों को भी अवसर मिल सकता है जो आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भारतीय टीम बांग्लादेश दौरे की शुरुआत एकदिवसीय सीरीज से करेगी। रोहित शर्मा की कप्तानी में सीरीज का पहला एकदिवसय मैच 17 अगस्त (रविवार) को मीरपुर में खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला 20 अगस्त (बुधवार) को मीरपुर में व तीसरा व अंतिम मुकाबला 23 अगस्त (शनिवार) को चटगांव में खेला जाएगा। वहीं टी20 सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। टी20 सीरीज का पहला मैच 26 अगस्त (मंगलवार) को चटगांव में खेला जाएगा। वहीं दूसरा टी20 मैच 29 अगस्त (शुक्रवार) को मीरपुर में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद सीरीज का आखिरी मुकाबला 31 अगस्त को मीरपुर में खेला जाएगा।

# बिजनेस

## म्युचुअल फंड्स में निवेशकों को पोर्टफोलियो ओवरलैप हुआ तो घटेगा रिटर्न

- एक ही कैटेगरी के कई फंड्स में निवेश किया तो हो जाएगा ओवरलैप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

म्युचुअल फंड्स उन निवेशकों के लिए बेहद वायदेमंद हैं जो अपने पैसे को अलग-अलग जगह लगाकर रिस्क कम करना चाहते हैं और एक्सपर्ट फंड मैनेजर पर भरोसा करते हैं, लेकिन इसमें जोखिम भी है पोर्टफोलियो ओवरलैप। कई निवेशकों का मानना है कि अगर उन्होंने कई फंड्स में निवेश किया है, तो उनका पैसा सुरक्षित है क्योंकि वह अलग-अलग जगहों पर फैला है, लेकिन अगर ये फंड्स एक ही तरह के स्टॉक्स में निवेश कर रहे हों, तो इसमें जोखिम और बढ़ा जाता है। इस ओवरलैप से डाइवर्सिफिकेशन का फायदा कम हो सकता है और आपके कुल रिटर्न में भी गिरावट आ सकती है।

आपके पोर्टफोलियो में मौजूद दो या ज्यादा म्युचुअल फंड्स एक जैसे या समान स्टॉक्स या सेक्टर्स में निवेश करते हैं, तो उसे ओवरलैप कहा जाता है। जैसे अगर आपने दो लार्ज-कैप इक्विटी फंड्स में निवेश किया है और दोनों ही फंड्स रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक या इंफोसिस जैसे ब्लूचिप स्टॉक्स में भारी निवेश कर रहे हों। ऐसे में रिस्क को अलग-अलग जगह बांटने की बजाय, आप एक ही कंपनियों में ज्यादा एक्सपोज हो जाते हैं।

### फिजिकल गोल्ड रखना सुरक्षित तरीका, अब लोग डिजिटल गोल्ड की तरह कर रहे मूव

## सोने ने लगाई छलांग 95 हजार पर पहुंचा, चांदी की चमक भी बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बुधवार को सोने के भाव ने घरेलू वायदा बाजार में पहली बार 95,000 का आंकड़ा पार किया। यह अब तक का इसका सबसे ऊंचा भाव है। सोना 95,090 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए टॉप पर पहुंच गया और बाद में कुछ गिरावट के बाद 95,000 पर कारोबार हुआ। बुधवार दोपहर तक सोने की कीमत में 1.66 फीसदी की बढ़ोरती देखने को मिली। चांदी ने भी वायदा बाजार में अच्छी बढ़त दर्ज की, इसकी कीमतें 1.56 फीसदी बढ़कर एमसीएक्स पर 96,253 रुपए प्रति किलो हो गईं। इसने दिन के भीतर 96,344 रुपए प्रति किलो का उच्चतम स्तर भी छुआ।

कीमतों में यह उछाल कमजोर डॉलर और ट्रंप के टैरिफ वॉर के बीच जारी अनिश्चितता के चलते आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतें गिरते डॉलर,



व्यापार को लेकर बने तनाव और वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंताओं से रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं। स्पॉट गोल्ड 1.7 फीसदी बढ़कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3,282.88 डॉलर प्रति औंस पर पहुंचा, जो पहले 3,290.1 डॉलर प्रति औंस के नए उच्च स्तर पर था। अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 1.8 फीसदी बढ़कर 3,299.60 डॉलर पर पहुंच गया।

डॉलर इंडेक्स अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले 0.5 फीसदी गिर गया, जिससे अन्य करेंसी होल्डर्स के लिए सोना ज्यादा आकर्षक हो गया। पारंपरिक रूप से सोने को भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के समय सुरक्षित निवेश माना जाता है और इस साल इसने कई रिकॉर्ड को छुआ, जिससे इसकी कीमत में 25 फीसदी से ज्यादा बढ़ी। प्रमुख बैंकों को आगामी तिमाहियों में सोने की संभावनाओं पर भरोसा है। गोल्डमैन सैक्स ग्रुप का अनुमान है कि 2026 के मध्य तक कीमतें 4,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती हैं।

## दिन के निचले स्तर से 500 अंक संभला सेंसेक्स, 77 हजार के ऊपर बंद

### मजबूत तिमही नतीजों से इंडसइंड बैंक का शेयर 6.78 प्रतिशत चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

आज यानी बुधवार, 16 अप्रैल को शेयर बाजार में गिरावट के बाद तेजी रही। सेंसेक्स 309 अंक चढ़कर 77,044 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के निचले स्तर से इसमें 500 अंक की रिकवरी हुई। निफ्टी में भी 109 अंक की तेजी रही, ये 23,437 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के निचले स्तर से इसमें 164 अंक की रिकवरी आई।

सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयरों में तेजी रही। इंडसइंड बैंक के शेयर में सबसे ज्यादा 6.78 प्रतिशत, एक्सिस बैंक में 3.95 प्रतिशत और अडाणी पोर्ट्स में 1.81 प्रतिशत की तेजी रही। मारुति, इंफोसिस और टाटा मोटर्स में 1.50 प्रतिशत तक की गिरावट रही।

निफ्टी के 50 में से 33 शेयरों में तेजी रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में सरकारी बैंकों के का इंडेक्स 2.37 प्रतिशत, मीडिया का 1.88 प्रतिशत, प्राइवेट बैंक का 1.74 प्रतिशत, ऑयल एंड गैस का 1.33 प्रतिशत और फाइनेंशियल सर्विसेज 0.91 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए।



वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी यानी, चौथी तिमाही में पॉजिटिव नतीजों के बाद इंडियन रिन्युएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड के शेयर में आज 5 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी है। जनवरी-मार्च तिमाही में IREDA को 502 करोड़ रुपए का मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 49 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 337.39 करोड़ का मुनाफा हुआ था। Q4FY25 में (जनवरी-मार्च तिमाही) में कंपनी ने 1,905.06 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया। सालाना आधार पर यह 36.93 प्रतिशत बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2023-24 में कंपनी ने 1,391.26 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं के बेचने से मिलने वाली राशि को राजस्व या रेवेन्यू कहा जाता है। इसमें टैक्स शामिल नहीं होता है। कंपनी ने 10 अप्रैल को त्त4 के नतीजे जारी किए।

शेयर बाजार में कल यानी मंगलवार, 15 अप्रैल को बड़ी तेजी रही। सेंसेक्स 1578 अंक (2.10 प्रतिशत) चढ़कर 76,735 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 500 अंक (2.19 प्रतिशत) की तेजी रही, ये 23,329 के स्तर पर बंद हुआ।


सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी रही। इंडसइंड बैंक में 6.70 प्रतिशत, टाटा मोटर्स में 4.61 प्रतिशत, लार्सन एंड टुब्रो में 4.50 प्रतिशत, एक्सिस बैंक में 4.23 प्रतिशत और अडाणी पोर्ट्स में 4.13 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 में तेजी रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी में 5.64 प्रतिशत, ऑटो में 3.39 प्रतिशत, फाइनेंशियल सर्विसेज में 3.28 प्रतिशत, मेटल में 3.20 प्रतिशत और मीडिया में 2.97 प्रतिशत की रही।

## सेकेंड हैंड बाजार में नेक्सॉन की कीमत में मिल रही लग्जरी कारें

**नई दिल्ली।** अगर आप इस बजट में एक प्रीमियम और लग्जरी कार का अनुभव लेना चाहते हैं, तो सेकेंड हैंड बाजार में कुछ ऐसे विकल्प मौजूद हैं जो आपको नेक्सॉन की कीमत में ही मिल सकते हैं। जैसे कि 2011 मॉडल बीएमडब्ल्यू 525डी, जिसे 13.95 लाख रुपये में बेचा जा रहा है। यह कार केवल 58,000 किलोमीटर चली है और इसमें एफ 90 एम5 जैसा लुक दिया गया है। इसके साथ ही इंटीरियर में भी बदलाव कर नया इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और स्क्रीन जोड़ी गई हैं। इसमें सनरूफ, लेदर सीट्स और 2.0-लीटर डीजल इंजन मिलता है, जो 217 बीएचपी की पावर देता है। दूसरा विकल्प है मर्सिडीज-बेंज एस-क्लास, जो मात्र 13.25 लाख रुपये में मिल रही है। इसमें 3.5-लीटर वी 6 पेट्रोल इंजन है जो 272 बीएचपी की ताकत देता है। एस-क्लास को लग्जरी का प्रतीक माना जाता है और इसमें रियर एंटरटेनमेंट स्क्रीन, इलेक्ट्रिक सीट्स और प्रीमियम इंटीरियर मिलता है। इसके अलावा 2017 की जगुआर एक्सई प्रेस्टिज 16.9 लाख रुपये में उपलब्ध है, जो कम उम्र और दमदार फीचर्स के कारण एक बेहतरीन विकल्प है। वहीं, 2016 की ऑडी ए6 भी 18.5 लाख रुपये में मिल रही है, जिसमें प्रीमियम इंटीरियर और एडवांस फीचर्स मौजूद हैं।

## वित्त वर्ष में रेपो दर घटकर 5.5 फीसदी रहेगी, मार्च में मुद्रास्फीति 3.3 फीसदी रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ब्याज दरों में कटौती शुरू कर दी है। एक रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया है कि जून और अगस्त की आरबीआई की नीति बैठक में ब्याज दरों में 25-25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि इस वित्त वर्ष में रेपो दर घटकर 5.5 फीसदी रह जाएगी।

इसके अलावा, उम्मीद की जा रही है कि आसान लिक्विडिटी की स्थिति बनी रहेगी और ब्याज दरों में कटौती का लाभ लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। मार्च में सीपीआई मुद्रास्फीति 3.3 फीसदी रही, जो बाजार की 3.5 फीसदी की उम्मीद से कम है। खाद्य पदार्थों की कीमतें लगातार तीसरे महीने भी अपस्फीति में रहीं, जो पिछले महीने की तुलना में 0.7 फीसदी कम है, जिसका कारण सब्जियों, दालों, अंडों और मछली-मांस की कीमतों का कम होना है। अनाज और दूध की कीमतों में क्रमिक गति सामान्य रही, जबकि चीनी और फलों की कीमतें उंची रहीं। रिपोर्ट में कहा गया है, अप्रैल में मुद्रास्फीति का आंकड़ा मार्च के स्तर के करीब है। प्याज और टमाटर की कीमतों में भारी गिरावट के कारण अप्रैल के पहले 10 दिनों में सब्जियों की कीमतों में 0 से 5 फीसदी की कमी आई है।

रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026 में सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति के औसतन 3.7 फीसदी रहने का अनुमान है, जो आरबीआई के लक्ष्य और पूर्वानुमान 4 फीसदी से काफी कम है। नई गेहूं की फसल बाजार में आने के साथ अप्रैल से खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आने की संभावना है। इसके अलावा, आईएमडी ने भी 2025 के लिए सामान्य मानसून का पूर्वानुमान जारी किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल ही में रुपए की मजबूती, चीन से आयातित सामानों के दामों में तुलनात्मक कमी, तेल की नरम कीमतें और कमजोर घरेलू विकास के कारण कोर मुद्रास्फीति भी नरम रहने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है विकास के 100 संकेतकों के हमारे फ्रेमवर्क से पता चलता है कि मार्च तिमाही पिछली दो तिमाहियों की तुलना में बेहतर है, लेकिन जून 2024 से काफी नीचे है।

### कांग्रेस का प्रदर्शन भ्रष्टाचार छुपाने के लिए है या गांधी परिवार को बचाने के लिए

# कांग्रेस का प्रदर्शन 'चोरी और सीनाजोरी' का उत्कृष्ट उदाहरण : विष्णुदत्त शर्मा

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा झूठ, छल-कपट की राजनीति करती रही है और नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर उसका विरोध प्रदर्शन भी चोरी और सीनाजोरी का उत्कृष्ट उदाहरण है। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की चार्जशीट में श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम आना पूरी तरह से तकनीकी और कानूनी मामला है। इसलिए कांग्रेस को ईडी और आयकर जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर प्रदर्शन के माध्यम से दबाव डालने का प्रयास करने की बजाय उसे तकनीकी और कानूनी आधार पर अपना पक्ष अदालत में रखना चाहिए।

## कांग्रेस पता लगाए, ये अंदरूनी षडयंत्र किसने रचा?

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले की शुरुआत 2012 में हुई थी, उस समय देश में कांग्रेस की ही सरकार थी। एक जनहित याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने 2013 में इस मामले में सुनवाई शुरू की और 2013 में ही नेशनल हेराल्ड मामले में केस दर्ज हुआ। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार नहीं थी, बल्कि कांग्रेस की ही सरकार थी। ऐसे में कांग्रेस के मित्रों से मैं यह पूछना चाहता हूं कि ईडी की चार्जशीट में श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं सैम पित्रोदा आदि के जो नाम आए हैं, तो इनके खिलाफ षडयंत्र किसने किया? चूंकि यह मामला मोदी सरकार के आने के पहले का है, इसलिए कांग्रेस पार्टी का इस मुद्दे पर राजनीति करने का कोई औचित्य ही नहीं बनता।



### स्वतंत्रता सेनानियों के विरोध को अनदेखा किया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड के स्वामित्व वाली कंपनी ऐसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की स्थापना देश के स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों ने की थी। ये पांच हजार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इसके शेयर होल्डर भी थे। इन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शेयर होल्डर्स ने कंपनी के अधिग्रहण का विरोध किया था, आपत्ति भी दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि शेयर धारकों से पूछे बिना कंपनी को किसी को भी कैसे दे दिया गया? शांति भूषण जी के पास भी इसके शेयर थे और उन्होंने भी इसका विरोध किया था। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्ता जी ने तो अधिकारिक रूप से कहा था कि नेशनल हेराल्ड के लिए मैंने मेहनत करके पार्टी कार्यकर्ताओं से पैसा जुटाया था और यह अखबार देश की आवाज उठाने के लिए स्थापित किया गया था।

### काले धन को सफेद करने का माध्यम था नेशनल हेराल्ड

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। देश में जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए कई अखबार और चैनल आए तथा चल भी रहे हैं। ऐसे में एक ऐसा अखबार जिस पर कांग्रेस की सरकारों का पूरा आशीर्वाद रहा, वो क्यों नहीं चल सका? शर्मा ने कहा कि यह अखबार परोक्ष रूप से काले धन को सफेद करने और कांग्रेस के भ्रष्टाचार का माध्यम ही था। उन्होंने कहा कि इस मामले में नैतिक और तकनीकी आधार पर कांग्रेस के दावे बहुत खोखले तथा आधारहीन हैं। इस मामले में कांग्रेस को धरना-प्रदर्शन करने का कोई अधिकार नहीं है।

***कार्पोरेट षडयंत्र का परिणाम है नेशरल हेराल्ड मामला...*** *भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार 1937 में शुरू हुआ। उस समय यह नेहरू खानदान की जागीर नहीं था, इसके 5000 शेयर-होल्डर थे। कई लोगों ने इसके लिए सहयोग किया था। 2008 में नेशनल हेराल्ड बंद हो गया। उसके बाद कांग्रेस पार्टी ने 90 करोड रुपए का लोन इस अखबार को दिया। नेशनल हेराल्ड की आर्थिक स्थिति नहीं सुधरी, तो कार्पोरेट षडयंत्र करके यंग इंडिया नाम की कंपनी बनाई गई, जिसमें 38-38 प्रतिशत शेयर श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी के थे। बाकी मोतीलाल वोरा व अन्य लोगों के थे। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि कांग्रेस एक पॉलीटिकल पार्टी है और एक पॉलीटिकल पार्टी किसी प्राइवेट बॉडी को फंड कैसे दे सकती है? इसके बाद नेशनल हेराल्ड के 90 करोड़ के शेयर यंग इंडिया कंपनी को ट्रांसफर कर दिए गए, जिसके शेयर होल्डर्स श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी है। इस तरह यह पूरी संपत्ति एक परिवार के हाथ में आ गई। यह बताया गया था कि यंग इंडिया एक चैरिटेबल संस्था है, लेकिन यह क्या चैरिटी करती है, इसका किसी को कुछ नहीं पता। इस तरह से जो अखबार आजादी के आंदोलन में लड़ने वाले लोगों की आवाज को ताकत देने के लिए स्थापित किया गया था, उसे निजी व्यापार में बदल दिया गया। शर्मा ने कहा कि जिस तरह से शेयर ट्रांसफर किए गए और हजारों करोड़ की संपत्ति हथिया ली गई, तो यह लूट का मामला भी बनता है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी को यह बताना चाहिए कि उनका यह प्रदर्शन किस बात के लिए है? भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए है या गांधी परिवार को बचाने के लिए है।*

### भोपाल में कांग्रेस ने किया जिला अदालत के समक्ष विरोध प्रदर्शन

# भाजपा द्वारा ईडी का दुरूपयोग राजनैतिक एजेंडा देश में अघोषित आपालकाल का संकेतः पटवारी

**विजय मत, भोपाल**

ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर अभा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा, त्याग की प्रतिमूर्ति सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में चार्ज शीट दायर किये जाने के विरोध में आज देश भर में कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार और ईडी के खिलाफ प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। वहीं अभा कांग्रेस के निर्देश पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तू पटवारी के निर्देश पर सभी जिलों में जिला मुख्यालयों व बड़े सरकारी दफ्तरों पर कांग्रेस ने ईडी द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर की गई कार्यवाही के विरोध में प्रदर्शन कर मोदी सरकार को घेरा। पटवारी ने इस मामले को लेकर मीडिया से चर्चा कर मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला।




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तू पटवारी के नेतृत्व में आज राजधानी भोपाल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तू पटवारी के नेतृत्व में भोपाल जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना और ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल के तत्वावधान में ईडी द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले पर चार्ज शीट दायर किये जाने पर मोदी सरकार की तानाशाही, भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर भाजपा की कुत्सित मानसिकता के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने हाथों में तखतियां लेकर ईडी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबा की।

पटवारी ने कहा कि भाजपा नेशनल हेराल्ड को लेकर पिछले 5 साल से माहौल बना रही है और विपक्ष को दबाने की साजिश रच रही है। विपक्ष के 36 चुनिंदा नेताओं पर ईडी का दुरूपयोग किया गया, किसी पर दोष साबित नहीं हुआ, लेकिन 70 फीसदी नेताओं ने भाजपा ज्वाइन कर ली। सोनिया गांधी ने एक रूपया भी किसी से नहीं लिया, उन्होंने प्रधानमंत्री पद तक का त्याग किया और ऐसी त्याग की प्रतिमूर्ति सोनिया गांधी और माननीय राहुल गांधी पर इस तरह का कृत्य देश की जनता पर खतरा है। भाजपा देश में अघोषित अपालकाल लाना चाहती है।

पटवारी ने नेशनल हेराल्ड मामले में चार्ज शीट दायर किये जाने को देश में एक तरह से इमरजेंसी का संकेत बताते हुये कहा कि इस मामले में विपक्ष को बदनाम किया जा रहा है। भाजपा ईडी का दुरूपयोग अपने राजनीतिक एजेंडे को लेकर करती है जो देश के लिए खतरनाक है। मोदी में साहस हैं तो वह पूरी भाजपा, अपने मंत्रियों, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उनके मंत्रीमण्डल, विधायकों और भाजपा नेताओं की जांच कराएं तो उनकी पार्टी के नेताओं के नाम ही सबसे ज्यादा संपत्ति निकलेगी।

## न्यूज इन शॉर्ट

### एजुकेशन पोर्टल 3.0 में है मानव संसाधन से संबंधित व्यापक जानकारी

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शिक्षा सत्र एक अप्रैल, 2025 से एजुकेशन पोर्टल 3.0 तैयार किया है। इस पोर्टल में विभाग से जुड़ी मानव संसाधन की व्यापक जानकारी का समावेश किया गया है। इस पोर्टल से विभाग के कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया गया है। पोर्टल में मानव संसाधन से संबंधित जानकारी को कर्मचारी और विकासखण्ड स्तर पर वेरीफाई किया गया है। इसमें विभाग के करीब 2 लाख 75 हजार कर्मचारियों की समस्त जानकारी पारदर्शी रूप से पोर्टल पर प्रदर्शित की गयी है। विभाग के पौने तीन लाख कर्मचारियों के स?थानांतरण को भी पारदर्शी माध्यम से स्थानांतरण नीति-2022 के आधार पर ऑनलाइन ट्रांसफर मॉड्यूल तैयार किया गया है। उच्च पद प्रभार एवं अतिथि शिक्षक प्रक्रिया को भी पोर्टल पर ऑनलाइन किया जा रहा है। विभाग के सभी कर्मचारियों को वेतन पर्ची उनके मोबाइल पर प्राप्त हो सके, ऐसी व्यवस्था विभाग द्वारा की गयी है। विभाग के कर्मचारी छोटी-छोटी समस्याओं के लिये जिला या मुख्यालय स्तर पर चक्कर न लगायें। इसके लिये उनकी शिकायतों निराकरण के लिये परिवेदना प्रणाली को ऑनलाइन किया गया है। पोर्टल में इंटीग्रेटेड डेशबोर्ड से मुख्यालय, जिला और विकासखण्ड स्तर पर समस्त गतिविधियों की मॉनीटरिंग किये जाने की व्यवस्था की गयी है। एजुकेशन पोर्टल 3.0 में एकीकृत डाटाबेस के आधार पर जानकारी तैयार की जा रही है। यह जानकारी सुरक्षित रहे, इसके लिये ब्लॉक चेन बेस्ड टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है। विभाग में विभिन्न जानकारियों के लिये अलग-अलग पोर्टल का उपयोग अब तक किया जा रहा था। अब विभाग में एकीकृत पोर्टल के माध्यम से सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा सकेगा।

### अनुसूचित जाति वर्ग स्वरोजगार स्थापित करने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का ले लाभ

**भोपाल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित भोपाल ने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना एवं सावित्री बाई फुले स्वः सहायता समूह योजनाएं संचालित की जा रही है। संत रविदास स्वरोजगार योजना में उद्योग स्थापित करने के लिए एक लाख से 50 लाख रूपए तक, एक लाख से 25 लाख रूपए तक सेवा इकाई एवं खुदरा व्यवसाय के लिए 18 से 45 वर्ष आयु एवं न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए, बैंक से प्राप्त ऋण पर 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक दिया जाएगा। आवेदन www.samast.mponline.gov.in पोर्टल पर एमपी ऑनलाइन के माध्यम से कर सकते है।

### राज्य आनंद संस्थान खुशहाली, आत्म-संतोष और सामूहिक सद्भाव बढ़ाने के लिए प्रयासरत

**भोपाल।** राज्य आनंद संस्थान जीवन में खुशहाली, आत्म-संतोष और सामूहिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए सतत कार्यरत है। आनंद शिविरों के माध्यम से इस दिशा में सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। आनंद शिविर का आयोजन शासकीय एवं अशासकीय आनंदकों के लिए किया जाता है। इन शिविरों का उद्देश्य प्रतिभागियों को परिपूर्ण जीवन जीने की विधा सिखाना एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को विकसित करना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य आनंद संस्थान आशीष कुमार ने बताया कि जीवन में 'आनंद' के साथ प्रत्येक कार्य करना चाहिए। विभाग का उद्देश्य आनंद एवं सकुशलता को मापने के पैमानों की पहचान तथा उन्हें परिभाषित करना है। राज्य में आनंद का प्रसार करने की दिशा में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के लिये दिशा-निर्देश तय करने का कार्य भी किया जा रहा है। आनंद की अवधारणा का नियोजन नीति निर्धारण और क्रियान्वयन की प्रक्रिया की मुख्य धारा में लाना, आनंद की अनुभूति के लिये एक्शन प्लॉन एवं गतिविधियों का निर्धारण भी किया जा रहा है।

# 18-19 अप्रैल को अवकाश के बावजूद सभी उपार्जन केन्द्रों पर होगी गेहूं की खरीदीः राजपूत

**विजय मत, भोपाल**



प्रदेश के अन्नदाताओं की सुविधा और हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि अब सभी उपार्जन केन्द्रों पर आगामी 18 और 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद गेहूं की खरीदी का कार्य निर्बाध रूप से जारी रहेगा। इसके लिए किसान स्लॉट बुक करा सकते हैं।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि यह निर्णय किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। किसान इन तिथियों में स्लॉट बुक कर बिना किसी परेशानी के गेहूं विक्रय कर सकेंगे। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

***कलेक्टरों को दिए गए निर्देश...*** *खाद्य मंत्री राजपूत ने समस्त जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों में उपार्जन केन्द्रों की निरंतर मॉनीटरिंग करें। उपार्जन कार्य से जुड़े कर्मचारियों, अधिकारियों और एजेंसियों को भी सख्त हिदायत दी गई है कि किसानों को कतारों में लंबा इंतजार न करना पड़े, तुलाई, रख-रखाव, भुगतान और परिवहन की सभी व्यवस्थाएँ समय पर और पारदर्शिता से हों।*

### किसानों को न हो कोई असुविधा

खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि सरकार किसान हितैषी है। यह सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है कि किसानों को अपने उत्पाद बेचने के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसलिए अवकाश के दिन भी उपार्जन कार्य जारी रखा जाएगा। सभी संबंधित विभागों को आवश्यक संसाधनों और कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी भी उपार्जन केन्द्र से लापरवाही या अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### एमपी ट्रांसको ने मानव जीवन के लिए घातक अनाधिकृत निर्माण तोड़े

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांस्को) की एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन के समीप के उस निर्माण को आज एमपी ट्रांसको के अधिकारियों की उपस्थिति में तोड़ा गया जिसके कारण कुछ दिन पूर्व शारदा नगर ,नारियल खेड़ा, भोपाल से गुजर रही 132 के व्ही भोपाल-लालघाटी एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइन के संपर्क में आने के कारण दो रहवासी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एम.पी. ट्रांसको के भोपाल में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस. के. दुबे ने बताया कि विगत 12 अप्रैल को शारदा नगर, नारियल खेड़ा, भोपाल क्षेत्र में 132 केवी भोपाल-लालघाटी एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइन में ट्रिपिंग आई थी।

# सीधी जिले के कालीन मध्यप्रदेश की शानः दिलीप जायसवाल

**विजय मत, भोपाल**

कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि ÷एक जिला एक उत्पाद÷योजना के अंतर्गत सीधी जिले की दरी और कालीन को खास पहचान मिली है। सीधी जिले के दरी और कालीन मध्यप्रदेश की शान हैं। मंत्री जायसवाल ने कहा कि स्थानीय कारीगरों की मेहनत को नया बाजार मिलेगा। साथ ही उनकी परंपरा और हुनर को नये मुकाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुनकर मुद्रा योजना के साथ प्रदेश के बुनकरों की तरक्की होगी। योजनांतर्गत, बुनकरों को अब 50 हजार रुपए से लेकर 5 लाख रूपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य और केन्द्र सरकार साझा प्रयास कर बुनकरों को हक और प्रोत्साहन दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री जायसवाल ने कहा कि रेशम के धागे से दवाइयाँ और सेरीबैंडेज का निर्माण होगा। ऐसा नवाचार करने के मामले में मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि सतपुड़ा एवं नर्मदा के वनों के ककून से दवाएँ बनाई जाएंगी।

### रेशम की विशेषताएं

रेशम एक मजबूत प्राकृतिक फाइबर है, जो घर्षण और तनाव का प्रतिरोधी होता है। रेशम के धागे से पाउडर, क्रीम, सेरीबैंडेज और सिजेरियन बैंडेज का निर्माण होता है। रेशम नमी को सोख लेता है, जो इसे गर्मियों के कपड़ों के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है। रेशम लचीला होता है, जो इसे विभिन्न प्रकार के कपड़ों और उत्पादों के लिए उपयुक्त बनाता है।

***सेरीबैंडेज की विशेषताएं...*** *रेशम घाव को गीला नहीं रखता, शरीर के साथ भी नहीं चिपकता तथा रेशम से फायब्रोयिन नामक प्रोटीन निकलता है, जो जख्मों, डायबिटीज से ऊंगलियों में होने वाले घाव और गर्भवती महिलाओं के सर्जिकल डिलीवरी के घाव को कम समय में ठीक करता है। इससे संक्रमण की संभावना भी नगण्य हो जाती है।*

### जल स्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता अभियान

# बैरसिया के खेजड़ा घाट, हथाईखेड़ा डेम और वन विहार तालाब में चला श्रमदान और सफाई अभियान

**विजय मत, भोपाल**

जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत भोपाल जिले में जल स्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर जन-सहभागिता आधारित गतिविधियाँ संचालित की गईं। जिला प्रशासन और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बैरसिया स्थित खेजड़ा घाट की बाह्य नदी में छात्रों द्वारा साफ-सफाई के साथ बोरी बंधान का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त, हथाईखेड़ा डेम में भी सफाई कार्य संपन्न हुआ।



इसी क्रम में वन विहार के समीप स्थित छोटे तालाब में नगर निगम भोपाल के सहयोग से पानी की सतह पर उगी हुई घास को हटाकर तालाब की सफाई की गई। इस श्रमदान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र, जन अभियान परिषद के जिला एवं विकासखंड समन्वयक तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और समुदाय को जल स्रोतों की स्वच्छता एवं सतत विकास के लिए प्रेरित करना है। इस दिशा में स्कूल शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा भी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर-बैनर और चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूली छात्रों को जल संरक्षण का संदेश देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### समीक्षा



**विजय मत, भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों के साथ पिछड़ा वर्ग कल्याण, विमुक्त,घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

**खास-खबर** जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जन भागीदारी से हो रहे है कार्य

# प्रदेश में जल संरचनाओं के संरक्षण और सफाई के कार्य निरंतर जारी

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में 30 मार्च से निरंतर जल संरचानाओं के संरक्षण और सफाई के कार्य निरंतर जारी है। इन कार्यों में समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग मिल रहा है। अभियान के दौरान उन स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें सफाई और गहरीकरण के बाद पर्यटन के रूप में विकसित किया जाना है।



जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्वालियर के पृथ्वी तालाब को पर्यटन के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। तालाब के सौंदर्यीकरण की शुरूआत क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह और महापौर डॉ. शोभा सिकरवार की उपस्थिति में भूमि-पूजन से हुई। सांसद कुशवाह ने बताया कि पृथ्वी तालाब के लिये अमृत योजना में 3 करोड़ रूपये की राशि प्राप्त हुई है। महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने जानकारी दी कि तालाब के चारों और सघन वृक्षारोपण किया जायेगा। इससे तालाब का जल स्तर बढ़ेगा।

सिंगरौली जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्रोतों की सफाई के साथ जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। चितरंगी शासकीय कन्या विद्यालय में जल के महत्व पर भाषण प्रतियोगिता हुई। छात्राओं ने जलवायु परिवर्तन को देखते हुए अपने विचार रखे। छात्राओं ने कहा कि जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देना होगा।

धार जिले में नगर के रामतलाई तालाब की साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस कार्य में जिला आयुष कार्यालय से जुड़े अधिकारी और कर्मचारियों ने तालाब की सफाई का कार्य किया। आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 80 त्रिमूर्ति नगर की कार्यकर्ता और सहायिका ने आयुर्वेद से जुड़े चिकित्सकों से पोषण आहार के बारे में जानकारी प्राप्त की। तालाब के सफाई कार्य में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। बड़वानी जिले में जन भागीदारी से जल संवर्धन के कार्य किये जा रहे है।

### गिद्ध संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

# गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन सेंटर केरवा भोपाल के 6 केप्टिव ब्रीडिंग गिद्धों को छोड़ा गया प्राकृतिक रहवास हलाली डेम के वन क्षेत्र में

**विजय मत, भोपाल**

वन विभाग द्वारा गिद्ध संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गयी है। लुप्तप्राय गिद्ध प्रजातियों को बचाने और उनके संरक्षण के लिये गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन सेंटर केरवा भोपाल के 6 केप्टिव ब्रीडिंग गिद्धों को प्राकृतिक रहवास हलाली डेम के वन क्षेत्र में छोड़ा गया। इनमें 2 सफेद पीठ वाले गिद्ध एवं 4 लम्बी चोंच वाले गिद्धों को मुक्त किया गया।



प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव शुभरंजन सेन ने बताया कि मुक्त किये गये सभी गिद्धों पर ऑर्निट्रैक-25 सौर ऊर्जा चलित जीपीएस-जीएसएम ट्रैकर लगाये गये हैं। इसके माध्यम से उनके आवागमन के पैटर्न और आवास उपयोग की निगरानी की जा रही है। सेन ने बताया कि डायरेक्टर टेक फॉर कंजर्वेशन जी. अरेन्द्रन, विश्व प्रकृति निधि भारत द्वारा गिद्धों को ऑर्निट्रैक-25 सौर ऊर्जा चलित जीपीएस-जीएसएम ट्रैकर लगाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सेन ने कहा कि हलाली डेम के आसपास की बस्तियों में टैग किये गये गिद्धों की सुरक्षा एवं जागरूकता के लिये पर्चे बाँटे गये हैं। इनमें आम लोगों से अपील की गयी है कि अगर गिद्ध घायल होते हैं या उन्हें कोई नुकसान पहुँचता है, तो वे तत्काल वन विभाग को सूचित करें।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com